[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, मंगलवार, 02 दिसंबर 2025 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 95, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

आत्मसंयम, अनुशासन और बलिदान के बिना राहत या मुक्ति की आशा नहीं की जा सकती।

- महात्मा गांधी

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

छात्रावास की दुर्दशा व .... 02

06 राजस्थान तकनीकी ...

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 95945-42679 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क 95945-42679 प्रधान सम्पादक

## मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में डेयरी और पशुपालन के क्षेत्र में हो रही अभूतपूर्व प्रगति

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डेयरी और पशुपालन क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रहीहै। प्रदेश में कार्यशील दुग्ध संघों की वित्तीय स्थिति में व्यापक सुधार होने के साथ ही दुग्ध प्रसंस्करण की क्षमता का निरंतर विकास और विस्तार हो रहा है। वहीं, सहकारिता तंत्र के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीणोंके आर्थिक और सामाजिक जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आ रहा है, जो विकसित राजस्थान-2047 की यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला, युवा, मजदूर और किसानों के सशक्तिकरण के संकल्प को राज्य सरकार अपनी नीतियों के केंद्र में रखकर प्रदेश के किसानों और पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इसी प्रतिबद्धता के फलस्वरूप प्रदेश में दुग्ध उत्पादन तथा कैटल फीड से संबंधित गतिविधियों का वार्षिक टर्नओवर 8,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष पहुंच गया है। इस वर्षिक टर्नओवर में बढ़ोतरी से दुग्ध संघों की वित्तीय स्थिति व्यापकसुधार आया है। इनके वार्षिक लाभ में लगभग 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, पूर्व में प्रदेश की 15 मिल्क यूनिट्स हानि की श्रेणी में संचालित हो रही थी।लेकिन, आज सभी 24 मिल्क यूनिट्स लाभ की स्थिति में हैं।

### 70 लाख लीटर की दूध प्रसंस्करण क्षमता के लिए 1 हजार करोड़ रुपये का फंड गठित

प्रदेश में दुग्ध प्रसंस्करण की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 48 लाख लीटर प्रतिदिन की प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाकर 54 लाख लीटर प्रतिदिन किया गया है। आगामी दो वर्षों में इस क्षमता को 70 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में आरसीडीएफ (राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन) द्वारा लगभग 1000 करोड़ रुपये का इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड गठित कर कोटा, भरतपुर, अलवर, उदयपुर तथा जोधपुर स्थित दुग्ध संयंत्रों के उन्नयन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### नरवा और बस्सीसीमन स्टेशनों का उन्नयन

पशुधन की आनुवंशिक गुणवत्ता सुधार के के लिए आरसीडीएफ राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत नरवा एवं बस्सीस्थित दोनों सीमन स्टेशनों का उन्नयन कर रहा है। इन स्टेशनों पर एक लाख सेक्स-सॉर्टेड सीमन डोज प्रतिवर्ष तैयार करने की क्षमता विकसित की जा रही है, जिससे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्तायुक्त सेक्स-सॉर्टेड सीमन की मांग को पूरा किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रदेश में व्यापक अभियान चलाकर लगभग एक लाख नए किसानों को सहकारिता आंदोलन से जोड़ा गया है, जिससे किसानों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है। नवीन सदस्यों के आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए आरसीडीएफ में दूध के क्रय मूल्य में भी आवश्यकतानुसार वृद्धि भी की है।

आरसीडीएफ द्वारा नवाचार एवं गुणवत्ता संवर्धन के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। आरसीडीएफ को डेयरी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान गोपाल रत्न पुरस्कार की तीनों श्रेणियों में चयनित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल से नव नियुक्त कुलगुरु प्रो. मदन मोहन झा ने की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे से सोमवार को राजभवन में जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के नव नियुक्त कुलगुरु प्रो. मदन मोहन झा ने मुलाकात की। कुलगुरु बनने के बाद प्रो. झा की राज्यपाल से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।



### शिल्पग्राम में 7 दिसम्बर को नाटक आधे अधूरे का मंचन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत रविवार 7 दिसम्बर को आधे अधूरे नाटक का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत सार्थक नाट्य समिति जयपुर द्वारा आधे अधूरे नाटक का मंचन रविवार 7 दिसम्बर को सायं 7 बजे शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में किया जाएगा। इस नाटक के लेखक मोहन राकेश एवं निर्देशक साबिर खान है। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### उदयपुर जूनियर वॉलीबॉल चयन ट्रायल 3 को

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जूनियर राज्य स्तरीय बालक और बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता आगामी 6 से 8 दिसंबर तक डीडवाना में आयोजित होगी। जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव हेमराज सोनवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ी 3 दिसंबर को गांधी ग्राउंड खेल मैदान पर होने वाली चयन प्रक्रिया मे हिस्सा ले सकते है। चयन की पात्रता के अनुसार 1 जनवरी 2008 के बाद जन्म दिनांक वाले सभी खिलाड़ी को अपने मूल दस्तावेज (आधार कार्ड, 10वीं की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र) और एक सत्यापित प्रतिलिपि के साथ 3 दिसंबर को प्रातः 8 बजे उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया मे हिस्सा ले सकते है।

### उर्वरक आपूर्ति में नहीं आयेगी दिक्कत पर्याप्त यूरिया उपलब्ध

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** वर्तमान में जिले में गेहूँ फुलल में यूरिया उर्वरक का ट्रोप- ड्रेसिंग के रूप में उपयोग हो रहा है। संयुक्त नीतीश कृषि विस्तार संध्या ने बताया कि जिलें में यूरिया उर्वरक की निरन्तर आपूर्ति जारी है एवं कृषकों को यूरिया उर्वरक की कहीं भी दिक्कत नहीं आने दी जायेगी। वर्तमान में इफकों संस्था से 300 में 205 यूरिया भी विभिन्न लैंप्स पर उपलब्ध हो सकेगा। यूरिया उर्वरक की प्रभावी मोनिटरिंग एवं वितरण हेतु कृषि पर्यवेक्षक की आदान विक्रेता वार ड्युटी लगाई गयी है। एवं उर्वरक निरीक्षक द्वारा भी लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहन व बहनोई ने भीनमाल में विवाह समारोह में की शिरकत





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहन बसंतीबेन और बहनोई हंसमुखभाई ने स्थानीय घांची समाज के एक विवाह समारोह में पहुंचकर शुभाशीष प्रदान किए। उनके आगमन से समारोह में मौजूद समाजजन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोदी परिवार के इन दोनों सदस्यों ने घांची समाज के प्रतिष्ठित परिवार रुपाराम सोलंकी के सुपुत्र के विवाह समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता जयंतीलाल घांची और महादेवाराम घांची ने बसंतीबेन एवं हंसमुखभाई का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर अमित भाई डीसा, रुपाराम सोलंकी, कस्तूराराम सोलंकी, रेवाराम, वेलाराम सोलंकी, ईश्वरलाल सोलंकी, सुनीलकुमार सहित समाज के अनेक बंधु उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थितजनों ने मोदी परिवार के सदस्यों के आगमन को समाज के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

## प्रगतिरत समस्त कार्य समय पर हो पूर्ण : जिला कलक्टर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने चिकित्सा विभाग में विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने मौसमी बीमारियों, जांचें आदि की भी समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने गत वर्षो की तुलना में मौसमी बीमारियों में कमी आने की जानकारी दी। बैठक में पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत एसपीआरएफ कार्य शुरू होने, शिक्षा विभाग में एसपीआरएफ के अंतर्गत कार्यों स्वीकृति जारी होने तथा आंगनवाड़ी के लिए वर्क आर्डर जारी होने, एवीएनएल विभाग द्वारा कृषि कनेक्शन जारी करने सौर ऊर्जा प्लांट लगाने ट्रांसफार्मर बदलने बजट घोषणा के अंतर्गत जीएसएस के दो कार्य प्रगति रथ होने तथा दो की स्वीकृति जारी होने, पीएचईडी के जल वितरण व्यवस्था, आरयूआईडीपी के द्वारा दिए जा रहे कनेक्शन, कृषि विभाग में प्राप्त यूरिया तथा वितरण व्यवस्था, पशुपालन विभाग में गौशाला हेतु अनुदान स्वीकृति, मंगल पशु बीमा बीमा आज से शुरू होने, जल संसाधन विभाग द्वारा नेहरू के साफ सफाई, सहकारिता विभाग द्वारा लेम्पस हेतु भूमि आवंटन, सामाजिक एवं अधिकतर विभाग द्वारा पेंशन वेरीफिकेशन पालनहार में शेष रहे बच्चों को जोड़ने आदि की समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर ने पालनहार में शेष रहे बच्चों का वेरिफिकेशन करते हुए जोड़ने के लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को सूची उपलब्ध करवाने, पीएचईडी एवं आरयूआईडीपी आपके अधिकारियों को बैठक करते हुए जब तक कनेक्शन पूर्ण ना हो तब तक आपसी समन्वय के साथ पेयजल वितरण व्यवस्था को सुचारू रखने, शिक्षा विभाग में चल रहे कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा समय पर कार्य पूर्ण करने, जिनके वर्क आर्डर जारी हो गए हैं वे कार्य क्षेत्र शुरू करने, आगामी दोनों में सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु संबंधित विभागों द्वारा पूर्व तैयारी करने आदि निर्देश दिए।

## सोनोग्राफी केन्द्रों पर सख्त निगरानी, महिला शौचालयों की स्थिति सुधारने के निर्देश

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति, लंबित प्रकरणों और पिछले सप्ताह दिए गए निदेर्शों की अनुपालन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए विभाग जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाए तथा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाए।



कलेक्टर ने पीसीपीएनडीटी एक्ट की कठोर अनुपालना, जिले के सभी सोनोग्राफी केन्द्रों की नियमित निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई और लिंगानुपात संबंधी रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भ्रूण लिंग परीक्षण की रोकथाम के लिए सतत मॉनिटरिंग अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान सार्वजनिक एवं राजकीय स्थानों पर स्थित महिला शौचालयों की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने, साफ-सफाई व्यवस्था मजबूत करने, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने और असामाजिक तत्वों द्वारा किए जाने वाले नुकसान पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सुरक्षित और स्वच्छ सार्वजनिक सुविधाएँ नागरिकों का मौलिक अधिकार हैं और इनके रखरखाव में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूरा करने, फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं और विकास कार्यों की नियमित प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने और जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच समन्वय मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर्वत सिंह, पीएमओ, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक नेहा माथुर, जिला उद्योग अधिकारी मंजू माली, एसीएफ प्रतापगढ़ विक्रम सिंह, एसीएफ सीतामाता राममोहन मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय वॉलीबॉल संघ महासचिव रामानंद चौधरी का जताया आभार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उदयपुर के महाकाल खेल मैदान पर पहली बार होने जा रहे खेलो इंडिया गेम्स 2025 यूनिवर्सिटी बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शिरकत करने पर भारतीय वॉलीबॉल संघ के महासचिव रामानंद चौधरी का जिला वॉलीबॉल संघ के पदाधिकारियों एवं वॉलीबॉल के खिलाड़ियों ने भव्य स्वागत कर आभार जताया। चौधरी ने खेलो इंडिया में बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए उदयपुर को मेजबानी मिलने पर सभी को बधाई दी। संघ के सचिव हेमराज सोनवाल ने बताया कि जिला संघ पदाधिकारी मनोज सरसिया ने महासचिव रामानंद चौधरी का तिलक, पगड़ी अपर्णा पहना के स्वागत किया। इस अवसर पर गुरु वशिष्ठ अवॉर्डी प्रशिक्षक अशोक चौधरी, मोहन शर्मा, पुनीत पांड्या, प्रकाश माली, बलवंत चौधरी, अनुभव कोदली, नरेश पालीवाल, रोशन पटेल, बसंत भावसार, शशांक जोशी, गोपाल मेहता, राजकुमार खटीक, विनोद मेनारिया, धनराज चांवरिया, राजेश छापरवाल, नेहा कोदली एवं अनेक खिलाड़ीगण मौजूद रहे। सोनवाल ने बताया कि उदयपुर में प्रथम बार हुए इस वृहद स्तरीय आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और उदयपुर खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखा गया।

**नसीराबाद में राजस्थान का साहित्यिक आंदोलन कार्यक्रम सम्पन्न**

## साहित्य युवाओं के चरित्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है : अनिल सक्सेना ललकार







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नसीराबाद ।** नसीराबाद में आयोजित राजस्थान का साहित्यिक आंदोलन कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं आंदोलन के संस्थापक अनिल सक्सेना ललकार का प्रेरक मुख्य व्याख्यान केंद्र में रहा। उन्होंने कहा, ह्लसाहित्य केवल किताब नहीं, बल्कि युवाओं के चरित्र निर्माण और मन के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। जब विद्यार्थी साहित्य से जुड़ते हैं, तो उनमें संवेदनशीलता, तर्कबुद्धि और समाज को दिशा देने की क्षमता विकसित होती है।

सक्सेना ने भारतीय संस्कृति, भाषा-संवर्धन, नैतिक मूल्यों तथा शिक्षा व्यवस्था पर आधुनिक प्रभावों के संबंध में विस्तृत विचार व्यक्त किए। उन्होंने रामायण और महाभारत के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी जड़ों, संस्कृति और साहित्य से जुड़ने की प्रेरणा दी।

यह एक दिवसीय व्याख्यान एवं परिसंवाद यूथ मूवमेंट राजस्थान, न्यू संस्कृति स्कूल तथा श्री बालाजी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (आईटीआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

गौरतलब है कि राजस्थान का साहित्यिक आंदोलन वर्ष 2010 में अनिल सक्सेना ललकार द्वारा प्रारंभ किया गया, जो पिछले 15 वर्षों से प्रदेशभर में साहित्यिक चेतना, युवा नेतृत्व और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का सतत अभियान चला रहा है।

राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के प्रदेश महासचिव अशोक लोढा ने आंदोलन की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और भावी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। संस्था निदेशक योगेश सोनी ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। वरिष्ठ पत्रकार दिलीप राय ने राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम और यूथ मूवमेंट की गतिविधियों का परिचय दिया।

### संवाद सत्र : छात्रों और अध्यापकों के सवाल

परिसंवाद सत्र में अध्यापिका ज्योति रील, छात्र राहुल सहित कई विद्यार्थियों ने साहित्य, करियर, मीडिया और समाज से जुड़े सवाल पूछे। सभी प्रश्नों का समाधान स्वयं अनिल सक्सेना ललकार ने दिया। यह चरण कार्यक्रम का सबसे जीवंत और शिक्षाप्रद सत्र रहा।

### विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियाँ

न्यू संस्कृति स्कूल और आईटीआई के विद्यार्थियों ने कविता, निबंध और भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रचनात्मक ऊर्जा का संचार किया।छात्र राहुल सिंह, जय सिंह, तक्षत रावत और गणेश ने कविता सुनाई। छात्र नितेश, विशाल रावत, दीपेंद्र सिंह और कश्मीर सिंह ने निबंध सुनाया। छात्रों की प्रस्तुतियों को अतिथियों और उपस्थित जनों ने भरपूर सराहना दी।

### शिक्षकों और संस्थान का सहयोग

आईटीआई के अध्यापक प्रेमचन्द और लोकेंद्र, तथा न्यू संस्कृति स्कूल के शिक्षक-स्टाफ जयप्रकाश, लक्ष्मी, अर्चना, रेखा, निर्मला, पूजा, भावना, ज्योति रील आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर पत्रकार दिलीप राय शर्मा, योगेंद्र बुलचन्दानी, निखिल गुर्जर, श्याम सिंह सांखला और अनिल लोहरे भी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम ने जगाई नई साहित्यिक चेतना

यह आयोजन नसीराबाद में साहित्यिक और सांस्कृतिक जागरण को नई प्रेरणा देने वाला सिद्ध हुआ। मुख्य व्याख्यान, विद्यार्थियों की प्रस्तुतियाँ और संवाद सत्र ने कार्यक्रम को अत्यंत प्रभावी और सार्थक बनाया। आयोजक संस्थानों ने घोषणा की कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक






दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सावन कुमार जांगिड़ ने की। मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया और जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी श्री हरलाल मीणा थे। प्रथम सत्र में डॉ. प्रदीप कटारिया ने बताया कि जिले में कार्यरत जिला एड्स नियंत्रण इकाई के माध्यम से जिले में एचआईवी जागरूकता के कार्यक्रम किये जा रहे हैं। उन्होंने टीबी के लक्षणों के बारे में भी जानकारी देते हुए एचआईवी और क्षय रोग भ्रांतियां के बारे में बताया, साथ ही एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को समय-समय पर एआरटी से दवाइयां के बारे में जानकारी दी। जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी हरलाल मीणा ने बताया कि एचआईवी एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए 1097 टोल फ्री नंबर पर भी जानकारी ली जा सकती है। मुस्कान लुधानी ने एचआईवी पर पीपीटी के माध्यम से एड्स बचाव के बारे में बताया साथ ही छात्राओं को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया। द्वितीय सत्र में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी हरलाल मीणा ने नशे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा कोई भी हो नशे से भविष्य खराब हो जाता है। नशे की लत में न केवल स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है बल्कि परिवार, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करती है। उन्होंने छात्राओं को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया। प्राचार्य ने कहा कि एचआईवी के बारे में आज भी जागरूकता की कमी और सामाजिक भ्रांतियां के कारण एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वह स्वयं जागरूक बने और अपने परिवार एवं समाज में भी यही संदेश पहुंचा कर एड्स के प्रति भेदभाव को समाप्त करने में योगदान दे। उन्होंने नशा मुक्ति और स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व पर भी बल दिया तथा कहा कि एक शिक्षित और स्वस्थ युवा ही देश के भविष्य को मजबूत बनाता है।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रीना सालोंदिया, गौरव कारवाल का शिविर में सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रोफेसर प्रतिभा राव, इंदुबाला पटवारी, डॉ सीमा गौड़, डॉ शोभा गौतम, सुखपाल सिंह राठोड़ एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का जिला स्तर पर चयन-स्पर्धा 8 व 9 को

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 52वीं राज्य स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का आयोजन निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के आदेशानुसार जिला स्तर पर चयन-स्पर्धा दिनांक 08.12.2025 से 09.12.2025 तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जलोदिया केलुखेड़ा ब्लॉक छोटीसादड़ी में आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) भंवरलाल शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर चयन स्पर्धा में प्रांरम्भिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारी दिनांक 08.12.2025 को आयोजन स्थल राउमावि जलोदिया केलुखेड़ा में अपनी उपस्थिति प्रातः 10 तक देवें।

### अस्मिता खेलो इंडिया सॉफ्ट टेनिस लीग में उदयपुर की दृष्टि व डाली ने जीते पदक

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, जयपुर में आयोजित हुई। खेलो इंडिया अस्मिता सॉफ्ट टेनिस लीग में उदयपुर के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। उदयपुर सॉफ्ट टेनिस संघ की सचिव भावना बत्रा के अनुसार भारत सरकार की महिला सशक्तिकरण एवं लक्ष्य ओलंपिक की नीतियों के तहत आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता सॉफ्ट टेनिस लीग में उदयपुर के सेंट ग्रेगोरियस स्कूल की छात्रा दृष्टि श्रीमाली ने सब जूनियर वर्ग में रजत तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धार की छात्रा डाली गमेती ने जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीत रायपुर छत्तीसगढ़ में होने वाली पश्चिमी क्षेत्रीय प्रतियोगिता मैं भाग लेने वाली राजस्थान टीम हेतु अर्हता प्राप्त की।

## कानोड़ प्रवास में अपने शिक्षा केन्द्र पहुंचकर पवन जैन पदमावत हुए भावुक

# छात्रावास की दुर्दशा व नगर व्यवस्था पर जताई कड़ी नाराजगी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : दीपक शर्मा**

**कानोड़/उदयपुर।** पदमावत मीडिया के प्रधान संपादक एवं एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत अपने दो दिवसीय कानोड़ प्रवास के दौरान जैसे ही अपने बचपन के शिक्षा केन्द्र जवाहर जैन छात्रावास पहुँचे, तो वर्षों पुरानी यादें एक बार फिर उनके सामने जीवंत हो उठीं। पहली कक्षा से पाँचवीं कक्षा तक इसी छात्रावास में शिक्षा प्राप्त करने वाले पवन जैन पदमावत अपने पुराने निवास कक्ष, प्रार्थना स्थल, अध्ययन कक्षों और परिसर को देख भावुक हो उठे। उनके साथ कानोड़ से पदमावत मीडिया के संवाददाता दीपक शर्मा भी मौजूद रहे।

**मुख्य प्रवेश द्वार पर रोक : व्यवस्थापन की असंवेदनशीलता पर पवन जैन पदमावत का आक्रोश**

छात्रावास के मुख्य द्वार पर तैनात कर्मचारी जयप्रकाश श्रीमाली ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पवन जैन पदमावत और संवाददाता दीपक शर्मा को रोक दिया। इस पर पवन जैन पदमावत ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा यह शिक्षा मंदिर मेरी नींव है। पूर्व विद्यार्थियों को रोकना न सिर्फ गलत है बल्कि संस्थान की गरिमा के विपरीत भी है। साथ ही उन्होंने जयप्रकाश श्रीमाली की कर्तव्यनिष्ठा की भी सराहना की।

**छात्रावास का निरीक्षण : धरोहर को पुनः जीवित करने का संकल्प**

पूर्व प्रधानाध्यापक दीपक शर्मा द्वारा करवाए गए भ्रमण के दौरान पवन जैन पदमावत अपने पुराने कमरे, बरामदों और प्रार्थना स्थल को देखकर भावुक हो गए। दीवारों को स्पर्श करते हुए उन्होंने कहा यह संस्थान केवल भवन नहीं, बल्कि संस्कारों और शिक्षा की परंपरा है। इसे फिर से प्रारंभ करने की आवश्यकता है ताकि नई पीढ़ियाँ भी इससे लाभान्वित हो सकें।

**छात्र जीवन के छात्रावास व्यवस्थापक कोमल मुर्डिया से मुलाकात : सम्मान स्वरूप उपरणा ओढ़ाया**

छात्रावास की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद पवन जैन पदमावत अपने छात्र जीवन के छात्रावास व्यवस्थापक कोमल मुर्डिया से मिलने उनके निवास पर पहुँचे। यहाँ छात्रावास को पुनः आरंभ करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर पवन जैन पदमावत ने कोमल मुर्डिया को उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

**वार्डन जगदीश श्रीमाली से भावनात्मक मुलाकात : पवन जैन पदमावत हुए भावुक**

पवन जैन पदमावत अपने छात्रावास के वार्डन रहे जगदीश श्रीमाली से भी मिलने पहुँचे। उनका स्वास्थ्य देखकर पवन जैन पदमावत भावुक हो गए। उन्होंने श्रीमाली के चरण स्पर्श कर उपरणा ओढ़ाकर सम्मान किया और कहा आपका अनुशासन और आपका मार्गदर्शन ही आज मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

**संवाददाता दीपक शर्मा को भी पवन जैन पदमावत ने सम्मानित किया**

इस अवसर पर पवन जैन पदमावत ने पदमावत मीडिया कानोड़ के संवाददाता दीपक शर्मा को भी उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा दीपक शर्मा जैसे संवेदनशील और जनहित के मुद्दों को उजागर करने वाले पत्रकार क्षेत्र की आवाज को मजबूती देते हैं।

**नगर की सड़कों की बदहाल स्थिति देखकर पवन जैन पदमावत का प्रहार**

कानोड़ नगर की सड़कों का जायजा लेने के बाद पवन जैन पदमावत ने जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी सड़कें और अधूरे विकास कार्य देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कानोड़ की सड़कें लापरवाही का परिचय दे रही हैं। प्रशासन व सरकार को तत्काल सुधरात्मक कदम उठाने चाहिए। पहले भी कोर्ट चौराहा से ब्रह्मपुरी मार्ग की खस्ताहालत पर पदमावत मीडिया की खबर के बाद ही सड़क निर्माण शुरू हुआ था।

**प्रवास ने जगाई नई उम्मीद**

पवन जैन पदमावत का यह प्रवास क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। उनकी छात्रावास यात्रा, भावुक क्षण, नगर के विकास पर बेबाक टिप्पणी और संस्थान को पुनः शुरू करने की पहल ने लोगों में नई उम्मीद जगाई है। क्षेत्रवासियों को विश्वास है कि पवन जैन पदमावत की पहल से न केवल छात्रावास फिर से जीवंत होगा, बल्कि नगर की समस्याओं का समाधान भी तेजी से होगा।

यह दो दिवसीय प्रवास सिर्फ स्मृतियों का सफर नहीं, बल्कि समाज, शिक्षा, जनहित और व्यवस्था के प्रति पवन जैन पदमावत की मजबूत प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है।


जवाहर जैन छात्रावास के अपने पुराने निवास कक्ष के सामने खड़े पवन जैन पदमावत — बचपन की स्मृतियों को महसूस करते हुए भावुक हुए।


जवाहर जैन छात्रावास के विशाल परिसर में खड़े पवन जैन पदमावत — धरोहर बने इस संस्थान को पुनः जीवंत करने का संकल्प व्यक्त करते हुए।


पवन जैन पदमावत अपने छात्र जीवन के व्यवस्थापक कोमल मुर्डिया का उपरणा ओढ़ाकर सम्मान करते हुए ।


पवन जैन पदमावत अपने छात्रावास के वार्डन रहे जगदीश श्रीमाली को उपरणा ओढ़ाकर सम्मान करते हुए।



जवाहर जैन छात्रावास मुख्य द्वार पर संवाददाता दीपक शर्मा को उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए पवन जैन पदमावत।



जवाहर जैन छात्रावास के मुख्य द्वार पर अपने छात्र जीवन के दिनों से सेवाएं दे रहे कर्मचारी जयप्रकाश श्रीमाली के साथ पवन जैन पदमावत।

**जल शक्ति अभियान**

### केंद्रीय नोडल अधिकारी पहुंचे उदयपुर, समीक्षा बैठक आयोजित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** वर्षा जल संचय को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रारंभ किए गए जल शक्ति अभियान- कैच द रैन के केंद्रीय नोडल अधिकारी राघवेंद्रसिंह सोमवार को उदयपुर पहुंचे। उन्होंने जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक ली। वहीं दोपहर बाद फील्ड विजिट कर जल संचय से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया।

जल शक्ति अभियान के केंद्रीय नोडल अधिकारी राघवेंद्र सिंह और तकनीकी अधिकारी राम टीके नितिन ने सोमवार सुबह जिला परिषद सभागार में बैठक ली। सीईओ जिला परिषद रिया डाबी की उपस्थिति में आयोजित बैठक में उन्होंने कैच द रैन अभियान के तहत हुए कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जलग्रहण विभाग के अधीक्षण अभियंता अतुल जैन ने पीपीटी के माध्यम से जिले में चल रहे विभिन्न अभियानों जैसे जल शक्ति अभियान, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान और जल संचय जन भागीदारी अभियान की ब्लॉक-वार प्रगति से अवगत कराया। केंद्रीय अधिकारियों ने जल संरक्षण के क्षेत्र में उदयपुर के प्रयासों की सराहना की। हाल ही में उदयपुर जिले को जल संचय जन भागीदारी 1.0 के तहत बेहतरीन काम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत भी किया गया था।

बैठक में उप वन संरक्षक मुकेश सैनी ने जल शक्ति अभियान और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत हुए कार्यों की जानकारी दी। भूजल वैज्ञानिक मोनिका राठौड़ ने भी कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत हुए कार्यों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। इस अभियान में जल संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए लोगों की भागीदारी पर जोर दिया गया है। केंद्रीय नोडल अधिकारी राघवेंद्रसिंह ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी और जन-जागरूकता बहुत जरूरी है।

### बड्र्स फोटोग्राफ, बर्ड रेस एवं फोटोग्राफी वर्कशॉप के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।**

राष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त कर चुके उदयपुर बर्ड फेस्टिवल 2025-26 के तहत होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन किया जायेगा। बर्ड रेस 15 जनवरी 2026 को एवं फोटोग्राफी वर्कशॉप 15 जनवरी को दोपहर 3 से 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। आवेदन की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर है। आवेदक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकता है। वन्यजीव उप वन संरक्षक यादवेन्द्र सिंह चूण्डावत ने बतया कि उद्घाटन समारोह में पक्षियों से सम्बन्धित छायाचित्रों (बड्र्स फोटोग्राफ) की प्रदर्शनी के लिये ऑन लाईन प्रविष्टियां आमन्त्रित की जाती है। प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम तीन रंगीन/श्वेत -श्याम छायाचित्र साईज ऑनलाईन डिविजन मेल आई.डी. पर भिजवा सकते है। फोटोग्राफ भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। प्रतियोगिताओं से सम्बन्धित समस्त निर्णय उप वन संरक्षक, वन्यजीव, उदयपुर के अधिन रहेंगें।

# नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई : 77,500 रुपये कैरिंग चार्ज वसूला, 15 कैंटर सामान जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने शहर में फैले अस्थाई अतिक्रमणों के खिलाफ सोमवार को व्यापक कार्रवाई करते हुए 77 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला और 15 कैंटर सामान जब्त किया। यह कार्रवाई आयुक्त गौरव सैनी के निर्देश पर तथा लगातार प्राप्त हो रही सार्वजनिक शिकायतों के आधार पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में की गई।

सतर्कता टीम ने इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील क्षेत्रों–पालड़ी मीणा, जेडीए कॉलोनी, लुनियावास, गांधी नगर, खातीपुरा रेलवे स्टेशन, महल रोड, बॉम्बे हॉस्पिटल, एनआरआई सर्किल, सेक्टर 08 प्रताप नगर, सरावनी मेन्शन, टोंक रोड जेकेजे, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, गोपालजी का रास्ता, कल्याणजी का रास्ता, चांदपोल बाजार, जोरावर सिंह गेट, आमेर रोड, सुभाष चौक, रामगढ़ मोड़, कंवर नगर और ब्रह्मपुरी सहित अनेक स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया। टीम ने मौके पर ही 15 कैंटर सामान जब्त कर निगम के गोदाम भिजवाया तथा अतिक्रमणकारियों से कुल 77,500 रुपये कैरिंग चार्ज वसूल किए।

सतर्कता शाखा ने दुकानदारों और राहगीरों को समझाइश देते हुए चेतावनी भी दी कि भविष्य में अतिक्रमण पाए जाने पर भारी चालान और कठोर कार्रवाई की जाएगी। टीम ने स्पष्ट किया कि शहर की यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधा और सुरक्षा को प्रभावित करने वाले अवैध अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

नगर निगम की यह कार्रवाई शहर में साफ-सुथरा और सुचारू यातायात बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।







# गोवा में 1,268 करोड़ की जमीन घोटाला कांड उजागर, ईडी ने 19 संपत्तियाँ की अटैच

**गोवा @ पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पणजी जोनल कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े घोटाले का खुलासा करते हुए गोवा के अंजुना, असगांव, उकसाइम सहित अन्य प्रीमियम क्षेत्रों में स्थित 19 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। ये संपत्तियाँ कुल 5 लाख वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली हुई हैं और इनकी अनुमानित कीमत 1,268.63 करोड़ रुपये है। ईडी के अनुसार इन भूमि टुकड़ों को शिवशंकर मयेकर के नेतृत्व में सक्रिय गिरोह ने जाली और फर्जी दस्तावेजों–जैसे नकली अफोरामेंटो/अलॉटमेंट प्रमाणपत्र, फाइनल पजेशन सर्टिफिकेट, डिमार्केशन रिकॉर्ड, पुराने विक्रय व उपहार विलेख–का इस्तेमाल कर अवैध रूप से हासिल किया था। ईडी इससे पहले 9 सितंबर और 10 अक्टूबर 2025 को की गई




तलाशी कार्रवाई में बैंक खातों और अन्य मूल्यवान परिसंपत्तियों में 12.85 करोड़ रुपये जब्त कर चुका है। यह जांच गोवा पुलिस की उस प्राथमिकी पर आधारित है जिसमें येद्वंत सावंत सहित कई लोगों पर अंजुना कम्युनिडाड की भूमि (सर्वे 496/1-अ) को फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने नाम कराने और बाद में दूसरों को बेचने का आरोप था। जांच में सामने आया कि शिवशंकर मयेकर इस पूरे षड्यंत्र का प्रमुख साजिशकर्ता था, जिसने अपने मित्रों और रिश्तेदारों के नाम पर गोवा में कई जमीनें अवैध तरीकों से खरीदीं। उसे 1 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था और वह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में है। इस मामले में उसके खिलाफ चार अतिरिक्त एफआईआर भी दर्ज हैं। ईडी की जांच में पता चला कि गैंग पहले कमजोर और विवादित जमीनों की पहचान करता था, फिर नकली सेल डीड, गिफ्ट डीड और कम्युनिडाड प्रशासन के नाम पर फर्जी प्रमाणपत्र तैयार करता था, जिनके आधार पर भूमि का म्यूटेशन गिरोह के फ्रंटमैन के नाम करवाया जाता था। इसके बाद यह भूमि तीसरे पक्ष को बेचकर अवैध कमाई की जाती थी। ईडी ने कई और संदिग्ध भूमि पार्सल भी चिन्हित किए हैं और पीएमएलए के तहत सूचना संबंधित एजेंसियों को भेजी जा रही है। ईडी ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और निकट भविष्य में और भी खुलासे होने की संभावना है।

# आईडीपीडी सिग्नेचर अभियान का शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस (आईडीपीडी) समारोहों की शुरूआत आज उल्लासपूर्ण तरीके से हुई। अभिलाषा विशेष विद्यालय (एवीवी) की सिग्नेचर कैंपेन बस का शुभारंभ उदयपुर रेंज के आईजी गौरव श्रीवास्तव द्वारा किया गया। श्री श्रीवास्तव ने विशेष रूप से तैयार की गई बस पर हस्ताक्षर करते हुए आई एम सूपरमैन लिखा। उनका यह प्रेरणादायक संदेश वहाँ उपस्थित बधिर छात्रों के लिए उत्साह और आत्मविश्वास का स्रोत बना। कार्यक्रम में भगवत बाबेल और अनिल शाह जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और



दिव्यांगजन के समावेशन हेतु अपना समर्थन व्यक्त किया। छात्राओं ने आईजी साहब की कलाई पर मौली बांधी, और कहा कि एवीवी के बधिर छात्रों के बड़े भाई हैं और सदैव उनका साथ देंगे।

आईजी श्रीवास्तव ने बच्चों को पूरा समर्थन देने का वचन दिया। सेडा की मुख्य कार्यकारी रेनू सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह सिग्नेचर अभियान स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता फैलाने, स्वीकार्यता बढ़ाने और दिव्यांग व्यक्तियों के साथ एकजुटता दिखाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

अपनी शुभकामनाएँ देते हुए आईजी ने एक सशक्त संदेश दिया डिसएबिलिटी से डीआईएस हटाइए। आईजी श्रीवास्तव ने बस को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। सिग्नेचर कैंपेन बस अब विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का दौरा करेगी, जहाँ छात्र इस पर हस्ताक्षर कर दिव्यांग व्यक्तियों के सम्मान और समावेशन का संकल्प लेंगे। इसके बाद एक आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमे अभिलाषा विशेष विद्यालया के विद्यार्थियों ने विद्याभवन स्कूल के बच्चों का साथ मिलकर सुंदर चित्रकारियों को अंजाम दिया और समावेशन का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

# मन की बात प्रधानमंत्री के देशवासियों से आत्मीय जुड़ाव का प्रतीक : भजनलाल शर्मा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर कैंप कार्यालय में आमजन के साथ ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम को सुना।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि क्षेत्र में भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 357 मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन और बढ़ गया है।

श्री मोदी ने कहा कि देश में डेढ़ लाख मीट्रिक टन से भी ज्यादा शहद का उत्पादन हो रहा है और शहद का निर्यात भी तीन गुना से ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने देश के विभिन्न इलाकों में स्थानीय लोगों एवं संस्थाओं द्वारा शहद उत्पादन की भी चर्चा की। उन्होंने कोयम्बटूर में








आयोजित विशाल नैचुरल फार्मिंग सम्मेलन को भारत की प्राचीन परंपराओं का हिस्सा बताते हुए इसे निरंतर बढ़ावा देने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने जी-20 शिखर सम्मेलन के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि देशवासियों की ओर से उन्होंने विश्व के नेताओं को जो उपहार भेंट किए, उसमें वोकल फॉर लोकल की भावना का विशेष ध्यान रखा। श्री मोदी ने बताया कि उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री को चांदी के अश्व की प्रतिकृति भेंट की जो राजस्थान के उदयपुर की बेहतरीन शिल्पकला को दशार्ती है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि वोकल फॉर लोकल की भावना को देश के करोड़ों लोगों ने अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है।

प्रधानमंत्री ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महाभारत अनुभव केंद्र में 3डी लाइट एण्ड साउण्ड शो के माध्यम से महाभारत की गाथा के प्रस्तुतीकरण के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में यूरोप और मध्य एशिया सहित विश्व के कई देशों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। श्री मोदी ने काशी के नमो घाट पर आयोजित होने वाले चैथे काशी-तमिल संगमम में अधिक से अधिक भागीदारी कर ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारतह्व की भावना मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने विभिन्न खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा आईसीसी महिला विश्व कप, महिला कबड्डी खिलाड़ियों द्वारा कबड्डी वर्ल्ड कप तथा महिला टीम द्वारा ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतना ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने डेफलिम्पिक्स तथा वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल में भी भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भरपूर सराहना की।

श्री मोदी ने कहा कि 4 दिसम्बर को मनाया जाने वाला नौसेना दिवस हमारे सैनिकों के अदम्य साहस और पराक्रम को सम्मान देने का एक खास दिन है। उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न स्थानों पर नौसेना से संबंधित संग्रहालय है जहां नौसेना के इतिहास के बारे में जानकारी मिलती है। उन्होंने आईएनएस ह्यमाहेह्व को भारतीय नौसेना में शामिल करने, हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ फैसिलिटी शुरू होने तथा स्काईरूट स्टार्टअप के इन्फिनिटी कैम्पस की स्थापना को भारत की नई सोच, इनोवेशन और युवा शक्ति का प्रतिबिम्ब बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के कई देशों में विन्टर टूरिज्म अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में भी उत्तराखण्ड जैसे राज्यों में इसकी अपार संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि हिमालय की वादियां एडवेन्चर्स गेम्स और डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए प्रसिद्ध हो रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के देशवासियों से आत्मीय जुड़ाव का प्रतीक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश की गौरवशाली उपलब्धियों के बारे में हमें बताते हैं। वे हमेशा स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के साथ ही देशवासियों में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रबल करते हैं।

## खबर संक्षेप

**पुलिस थाना सविना की बड़ी कार्रवाई**

### नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म के आरोपी को महिलाओं का वेश धारण करते हुए दबोचा

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पुलिस थाना सविना ने नाबालिग से दुष्कर्म जैसे अत्यंत गंभीर अपराध में केस दर्ज होते ही त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी




चन्द्र शेखर पारिख को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया द्वारा 27 नवंबर 2025 को दी गई रिपोर्ट के अनुसार वह अपने पति से विवाद के बाद नाबालिग पुत्री और पुत्र के साथ निवास कर रही थी और इस दौरान चन्द्र शेखर पारिख निवासी खारिया मीठापुर, बिलाडा, जोधपुर के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। रिपोर्ट के अनुसार अभियुक्त संयुक्त परिवार के रूप में प्रार्थिया, उसके पुत्र-पुत्री तथा अपनी माता के साथ रह रहा था। इसी दौरान वह विगत एक माह से प्रार्थिया की नाबालिग पुत्री का दुष्कर्म कर रहा था तथा उसे डराकर अप्राकृतिक शारीरिक शोषण भी कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा पोक्सो एक्ट के प्रावधानों में थाना सविना में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान महिला अपराध अनुसंधान प्रकोष्ठ उदयपुर को सुपुर्द किया गया। अनुसंधान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला अपराध अनुसंधान प्रकोष्ठ माधुरी वर्मा के निर्देशन में प्रारंभ किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु विशेष निर्देश जारी किए गए। निदेर्शों के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर उमेश ओझा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला अपराध अनुसंधान प्रकोष्ठ माधुरी वर्मा के सुपरविजन में थाना सविना की टीम ने तकनीकी सहयोग और आसूचना के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। टीम ने मेहनत से की गई तलाशी के बाद आरोपी चन्द्र शेखर पारिख उम्र 28 वर्ष निवासी खारिया मीठापुरा, बिलाडा, जोधपुर को दबोचा। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना हुलिया पूरी तरह बदलकर महिलाओं की वेशभूषा पहनकर शहर में घूम रहा था, ताकि पहचान से बच सके। टीम ने उसे मौके पर गिरफ्त में लेते हुए प्रकरण में गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही प्रगति पर है।

**पुलिस थाना देवगढ़ की कार्रवाई**

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र में 4 साल से फरार 5,000 रुपये का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** जिले में ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान



में जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली। थाना देवगढ़ और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर चार साल से फरार 5,000 रुपये के इनामी अपराधी प्रकाशचंद विश्नोई को जामनगर (गुजरात) से पकड़कर न्यायालय में पेश किया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक के मार्गदर्शन और वृत्ताधिकारी भीम राकेश कुमार के सुपरविजन में की गई। घटना वर्ष 2022 की है, जब देवगढ़ निवासी वीरेंद्र सिंह की कार फख 30 उअ 7235 रात में घर के बाहर से चोरी हो गई थी। जांच के दौरान गिरफ्तार अन्य आरोपियों ने बताया कि चोरी की गई कार प्रकाशचंद विश्नोई को बेची गई थी, जो इसके बाद लगातार फरार रहा। लगातार खोज के बावजूद पकड़ में न आने पर उसे भगोड़ा घोषित किया गया और 5,000 रुपये का इनाम तय किया गया। ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के दौरान जिला स्पेशल टीम ने गुप्त सूचना, तकनीकी विश्लेषण और सतत निगरानी के आधार पर आरोपी की लोकेशन चिन्हित की और त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे जामनगर से डिटेन कर देवगढ़ लाकर गिरफ्तार किया। बाद में न्यायालय में पेश कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि फरार और वांछित अपराधियों के खिलाफ ऐसी कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई में थानाधिकारी संगीता बंजारा, हैड कांस्टेबल दिनेश कुमार, शिवदर्शन सिंह (विशेष भूमिका), रामकरण (विशेष भूमिका), कांस्टेबल अरविंद, रामकिशोर, गणपत सिंह और चालक हसराज शामिल थे।

# ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत वर्षों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर।** जिले में फरार स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के मार्गदर्शन और वृताधिकारी आसपुर पारस चौधरी के सुपरविजन में थाना दोवड़ा की विशेष टीम ने वर्षों से फरार स्थायी वारंटी दिनेश कटारा को गिरफ्तार कर पुलिस थाना हिरणमगरी उदयपुर को सुपुर्द किया। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचता फिर रहा था और बार-बार ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा था।



गिरफ्तारी के लिए गठित टीम ने दिनेश कटारा के संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी। तकनीकी निगरानी, मुखबिर सूचना और फील्ड इनपुट के आधार पर उसकी लोकेशन तलाश की गई। दिनांक 30 नवंबर 2025 को मिली सूचना पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को वस्सी फला कराता क्षेत्र से डिटेन कर लिया। आरोपी प्रकरण संख्या 3444/2014 (सरकार बनाम दिनेश) में स्थायी वारंटी था।

उधर, टीम की लगातार दबिश और दबाव के चलते थाना दोवड़ा क्षेत्र का एक अन्य स्थायी वारंटी रमेश ताजेंग भी स्वयं माननीय न्यायालय में उपस्थित हुआ, जिससे उसका वारंट निस्तारित किया गया। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत जिले में सभी फरार वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

गिरफ्तार स्थायी वारंटी : दिनेश कटारा निवासी वस्सी फला कराता थाना दोवड़ा । न्यायालय में स्वयं उपस्थित स्थायी वारंटी, रमेश ताजेंग निवासी गणेशपुर थाना दोवड़ा।

**मानव सेवा समिति स्थापना दिवस**

# रक्तदान शिविर में 28 ने किया रक्तदान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आज दिनांक 30-11-2025, रविवार को मानव सेवा समिति के 30वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, मानव सेवा समिति, वंडर सीमेंट, महावीर इंटरनेशनल एवं सरल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सरल सभागार, सरल ब्लड सेंटर, मठ भूपालपुरा में किया गया।

रक्तदान शिविर में उपस्थित रहे मानव सेवा समिति के सलाहकार श्री कमल भंडारी, अध्यक्ष श्री प्रकाश वरडिया, सचिव श्री शिवरतन तिवारी, प्रभारी श्री कुंदन भटेवारा, सह-प्रभारी डॉ. डी.के. गुप्ता, सदस्य श्रीमती सीता शर्मा, श्रीमती महिमा बिड़ला, श्री रवि शर्मा, श्री योगेश तिवारी, श्री अभिनव वरडिया, श्री राकेश वरडिया, श्री नितीश सुराणा सरल ब्लड बैंक के मानद सचिव श्री श्याम सिंघवी, श्री विष्णु लाल टेलर महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष श्री रविंद्र सुराणा, सचिव श्री सुरेश बडेवाल, कोषाध्यक्ष श्री अशोक खुर्दिया, जॉन सेक्रेटरी श्री राजकुमार नलवाया, सदस्य श्री नवल सिंह



खमेसरा, तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि शिविर में वंडर सीमेंट, हिंदुस्तान जिंक एवं महावीर इंटरनेशनल के 28 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया । उनके अतिरिक्त ड्यूटी के पश्चात रक्तदान करने वाले 12 पंजीकृत सदस्यों के लिए शाम 6 से 7 विशेष व्यवस्था रखी गई सभी रक्तदाताओं का उपरना पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

शिविर के सफल आयोजन में डॉ. नरेंद्र मोगरा एवं सरल ब्लड बैंक टीम का विशेष सहयोग रहा। सरल ब्लड बैंक द्वारा सभी उपस्थितों को अल्पाहार भी कराया गया।

# पुलिस थाना देवगढ़ की कार्रवाई: मोबाइल दुकान में नकबजनी का खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** जिले में चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत देवगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल दुकान में हुई वारदात का खुलासा कर तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक के मार्गदर्शन, वृत्ताधिकारी भीम राकेश कुमार और थानाधिकारी देवगढ़ संगीता बंजारा के सुपरविजन में की गई।

दिनांक 25.11.2025 को देवगढ़ निवासी पुरणमल सालवी ने रिपोर्ट दी कि उसकी मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश कई मोबाइल और एक्सेसरीज चोरी कर ले गए। प्रकरण दर्ज होते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए देवगढ़ थाने की टीम सक्रिय हुई और चोरी व संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त पुराने बदमाशों, तकनीकी विश्लेषण व मुखबिर तंत्र के आधार पर गहन जांच शुरू की गई।



जांच के दौरान संदिग्धों की गतिविधियों की पड़ताल कर तीन युवकों को डिटेन किया गया। पूछताछ में तीनों ने वारदात स्वीकारते हुए बताया कि वे शौक-मौज के लिए रात में सूनी दुकानों व मकानों का ताला तोड़कर चोरी करते हैं और चोरी का माल औने-पौने दामों में बेचकर खर्च कर देते हैं। पुलिस अब उनसे अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ कर रही है, जिससे और खुलासों की संभावना बनी हुई है।

गिरफ्तार आरोपी : ललित सिंह निवासी बालातो की गुवार भीम, तुषार सिंह निवासी कुकरखेड़ा भीम, भरत सिंह निवासी बालातो की गुवार भीम।

# पुलिस थाना बेकरिया की बड़ी कार्रवाई : थाना माण्डवा का हिस्ट्रीशीटर जालमचंद गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में वांछित और हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की धरपकड़ के अभियान को बड़ी सफलता मिली है। बेकरिया थाना पुलिस ने विशेष कार्रवाई करते हुए थाना माण्डवा में दर्ज वन अधिनियम व भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर जालमचंद उर्फ झाला बुम्बड़िया को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के मार्गदर्शन और वृत्ताधिकारी कोटड़ा डूंगर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी बेकरिया उत्तमसिंह के नेतृत्व में की गई।

दिनांक 10.03.2025 को हिस्ट्रीशीटर जालमचंद ने पुलिस थाना माण्डवा के सामने नाकाबंदी तोड़कर खैर की लकड़ियों से भरा



ट्रक पास कराने की कोशिश की। ट्रक और चालक मौके पर पकड़ लिए गए, लेकिन जालमचंद अपने भाई खातरू के साथ टीयूवी गाड़ी में फरार हो गया था। दोनों भाई लगातार गुजरात और सीमा क्षेत्रों में ठिकाने बदलकर पुलिस से छिपते रहे। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लंबे समय से प्रयास जारी थे।

टीम ने लगातार तकनीकी विश्लेषण, सूचना तंत्र और मैदान स्तर के इनपुट के आधार पर जालमचंद की लोकेशन ट्रैक की और उसे दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी को प्रकरण संख्या 16/2025 धारा 41, 42 वन अधिनियम व 303(2) भारतीय न्याय संहिता में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

आरोपी एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है और हत्या, डकैती, लूट, नकबजनी, चोरी, अपहरण, हत्या का प्रयास, सरकारी कर्मचारी पर हमला, आर्म्स एक्ट, आबकारी अपराध और वन अधिनियम सहित कुल 22 आपराधिक प्रकरणों में वांछित व आरोपी रह चुका है। जमानत पर छूटते ही वह नए अपराधों को अंजाम देने की आदत बना चुका है। जालमचंद माण्डवा, कोटड़ा, सिरोही और गुजरात सीमा क्षेत्रों में सक्रिय अपराधी नेटवर्क के साथ काम करता रहा है।

गिरफ्तार आरोपीः झाला उर्फ जालमचंद पुत्र रणिया बुम्बड़िया निवासी कुकावास थाना माण्डवा, जिला उदयपुर।

# पुलिस थाना हिरणमगरी की बड़ी कार्रवाई: नरेश हरिजन गैंग के 4 शातिर अपराधी गिरफ़्तार, 3 अवैध पिस्टल, मैग्जीन और जिंदा कारतूस जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में संगठित अपराध और अवैध हथियार तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उदयपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में थाना हिरणमगरी और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नरेश हरिजन गैंग के चार सक्रिय और शातिर अपराधियों : पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ उर्फ लल्ला, कमलेन्द्र सिंह गहलोत उर्फ राहुल, आदित्य पुरी गोस्वामी उर्फ अंशु और गौतम हन्डेरिया को अवैध हथियारों सहित दबोच लिया। कार्रवाई में तीन देशी पिस्टल, एक लोहे की मैग्जीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

दिनांक 30 नवंबर 2025 को डीएसटी प्रभारी को सूचना मिली कि सबसिटी सेंटर, हिरणमगरी क्षेत्र में गैंग के सदस्य अवैध हथियार बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। इस पर अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक शहर और वृताधिकारी नगर पूर्व के सुपरविजन में थाना हिरणमगरी और डीएसटी की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर चारों अपराधियों को अवैध हथियारों समेत पकड़ा। प्रत्येक आरोपी के कब्जे से हथियार बरामद हुए, जबकि गौतम हन्डेरिया से मैग्जीन और दो जिंदा कारतूस मिले। सभी आरोपियों को मौके पर डिटेन करने के बाद विधि अनुसार गिरफ्तार किया गया और थाना हिरणमगरी में प्रकरण संख्या 398/2025 आर्म्स एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता की संगठित अपराध संबंधी धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की गई।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि यह हथियार उन्हें 6 माह पूर्व गैंग सरगना नरेश हरिजन द्वारा उपलब्ध कराए गए थे, जो कि सुरजपोल और हिरणमगरी थानों के कई मामलों में वांछित चल रहा है। चारों आरोपी नरेश हरिजन गैंग के सदस्य हैं और इनके विरुद्ध उदयपुर शहर के विभिन्न थानों में कई गंभीर अपराधों के प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब गैंग के नेटवर्क, हथियार सप्लाई चैन और अन्य वारदातों की भी जांच कर रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त : पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ उर्फ लल्ला निवासी टेकरी चौराहा सुरजपोल, कमलेन्द्र सिंह गहलोत उर्फ राहुल निवासी गारियों का मोहल्ला टेकरी सुरजपोल, आदित्य पुरी गोस्वामी उर्फ अंशु निवासी गणेश नगर छोटी पिपली प्रतापनगर हाल गोवर्धन विलास उदयपुर, गौतम हन्डेरिया निवासी आवरी माता कॉलोनी कच्ची बस्ती हिरणमगरी उदयपुर।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी भरत योगी, उप निरीक्षक ममता देवी, सहायक उप निरीक्षक विक्रम सिंह (प्रभारी डीएसटी), हैड कांस्टेबल भंवरलाल, गणेश सिंह, हितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल आनंद सिंह, मुकेश कुमार, हेमंत कुमार, कमलेश जाखड़, सुमेर, शक्ति सिंह, मुकेश, जगदीश, विरेन्द्र साहू शामिल थे।

# श्रीमद्भगवत गीता जयंती की पूर्व संध्या पर कृष्ण धुनों का समागम

**बांसुरी की जुगलबंदी और सवाल जवाब ने मनमोहा**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** गुलाब बाग आरएमवी रोड स्थित अबुर्दा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को गीता जयंती की पूर्व संध्या पर कृष्ण धुनों का अद्भुत समागम देखने को मिला। कार्यक्रम में उदयपुर शहर के जाने-माने बांसुरी वादक जीवन लाल कालेट ने राग मालकौंस में अलापचारी के साथ अपने वादन की शुरूआत की। तत्पश्चात उन्होंने तीन ताल में बंदिश पिया संग लर पछतानी में अलाप तानें

और जुगलबंदी प्रस्तुत की। इसके बाद सवाल-जवाब प्रस्तुत करते हुए राग यमन में कान्हा रे नंद नंदन बंदिश सुनाई। इसके बाद कृष्ण भक्ति की धुन श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हरे कृष्ण महामंत्र



और समापन श्री राम स्तुति से किया। तबले पर संगत शहर के ही सुप्रसिद्ध तबला वादक अखिलेश शर्मा ने की। संस्थान के निदेशक विवेक अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर संगीत छात्र-छात्राएं हरमेश जैन, प्रभात गरासिया, हरिहर दाधीच धैर्य बठीजा हरित जैन, तक्ष व्यास, तीर्थ व्यास, और सौम्य जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व में जीवन लाल कालेट ने विद्यार्थियों को राग मालकौंस का परिचय बताया। दोनों कलाकारों का उपरणा और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने पाली में धौला चौतरा पर बने शहीद स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित की

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को पाली स्थित धौला चौतरा पर बने शहीद स्मारक पर



पहुंचकर पुष्पाजंलि अर्पित की। राज्यपाल ने इस दौरान वहां यवन सेना से जंग लड़ते शहीद जनों को नमन किया और श्रद्धांजलि दी।

### राजस्थान में यूरिया की कमी नहीं आने दी जाएगी : उर्वरक मंत्रालय

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि राजस्थान में यूरिया की किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उर्वरक मंत्रालय के सचिव रजत



कुमार मिश्र और प्रदेश के कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश में यूरिया उपलब्धता, स्टॉक, परिवहन और वितरण प्रणाली की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि दिसंबर के पहले सप्ताह में 40 रैक के माध्यम से कुल 1 लाख 8 हजार मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति राज्य को उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक के दौरान रबी सीजन के लिए राज्य की कुल मांग, वर्तमान उपलब्ध स्टॉक और जिलावार वितरण व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। कृषि विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि किसान वर्ग को समयबद्ध, सुचारू और पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराई जाए। विभाग स्तर पर जिला प्रशासन के साथ समन्वय को और मजबूत करने तथा आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी तरह की रुकावट न आने देने के निर्देश भी दिए गए। उर्वरक उपलब्धता की सतत मॉनिटरिंग को लेकर विभाग पहले से ही लगातार समीक्षा कर रहा है, ताकि राज्य के किसी भी जिले में यूरिया की कमी की स्थिति न बने। राजस्थान ने भारत सरकार से दिसंबर व शेष माह की आवश्यकताओं के लिए पूर्व में मांगी गई 3.80 लाख मीट्रिक टन की जगह 4.76 लाख मीट्रिक टन की आपूर्ति का आग्रह किया है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, 1 दिसंबर तक 9 रैक यूरिया परिवहन में है और 3 रैक लोडिंग की प्रक्रिया में हैं। अगले दो से तीन दिनों में 33 हजार मीट्रिक टन यूरिया की अतिरिक्त आपूर्ति पूर्वी राजस्थान सहित उन क्षेत्रों में पहुंचा दी जाएगी, जहां मांग अधिक दर्ज की गई है।

**मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण: 2026**

### 31,000 से अधिक बूथों पर 100% कार्य पूर्ण, 188 बीएलओ सुपरवाइजर सम्मानित किए जाएंगे

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 का कार्य तेज गति, उच्च सटीकता और पारदर्शिता के साथ प्रगति पर है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि प्रदेश में कुल 5 करोड़ 46 लाख 56 हजार 215 गणना प्रपत्रों में से 5 करोड़ 33 लाख से अधिक प्रपत्र एउक्ठी३ पर सफलतापूर्वक अपलोड किए जा चुके हैं। यह निर्धारित अवधि से पहले ही 97.5 प्रतिशत उपलब्धि है, जो राज्य की प्रशासनिक क्षमता, तकनीकी दक्षता और जिलेवार सतत मॉनिटरिंग का उत्कृष्ट परिणाम है। निर्वाचन विभाग के अनुसार प्रदेश के 31,000 से अधिक पोलिंग बूथों पर बीएलओ द्वारा सौ प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। बाड़मेर, सलूंबर, बालोतरा और झालावाड़ जिले में सभी गणना प्रपत्र पूर्ण रूप से डिजिटाइज हो चुके हैं। इसी तरह 24 विधानसभा क्षेत्रों में भी शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। राज्य में अब तक शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले इछड और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के बाद अब बीएलओ सुपरवाइजर्स को सम्मानित किया जा रहा है। 2 दिसंबर 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में विभिन्न जिलों के निर्वाचन अधिकारी 188 सुपरवाइजर्स को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आम मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि गणना प्रपत्र समय पर भरकर अनिवार्य रूप से जमा कराएं। प्रदेश में अभी तक 92.5 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग हो चुकी है। यदि किसी मतदाता की मैपिंग किसी कारणवश संभव नहीं हो पाती है, तब भी गणना प्रपत्र अवश्य जमा कराना आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की हो रही सफल क्रियान्विति

**जल संरक्षण और पुनर्भरण की दिशा में हासिल की बड़ी उपलब्धि**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कैच द रेन अभियान से प्रेरित कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान प्रदेश में जल के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्भरण की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान में प्रदेश में लगभग 14 हजार 500 से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण से वर्षा जल को सहेजने की परम्परा को प्रोत्साहन देने के साथ ही, राजस्थान को जल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को गति मिल रही है।

इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य कर्मभूमि में निवास कर रहे प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि में जल संरक्षण के कार्यों में




**प्रदेशभर में 14 हजार 500 से अधिक जल संरचनाओं का हुआ निर्माण**

समर्पित रूप से प्रोत्साहित करना है। इसके अन्तर्गत प्रवासी राजस्थानियों, भामाशाहों, क्राउड फण्डिंग और कॉरपोरेट सोशल रिस्पोन्सिबिलिटी (सीएसआर) के सहयोग से 4 वर्षो में लगभग 45,000 रिचार्ज, जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस वर्ष जनवरी में प्रदेश के 41 जिलों की 11,195 ग्राम पंचायतों में प्रारम्भ हुए इस अभियान ने अल्प समय में ही महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेशभर में ग्राम विकास अधिकारियों ने ई-पंचायत मोबाईल एप के माध्यम से 42,081 रिचार्ज स्थलों का चयन किया, जिनमें से अब तक 14 हजार 500 से अधिक भूजल रिचार्ज-जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण भी हो चुका हैं।

उल्लेखनीय है कि भू-जल स्तर को रोकने के साथ-साथ आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से ह्यकर्मभूमि से मातृभूमिह्य अभियान शुरू किया गया है। इसके प्रमुख उद्देश्यों में जल स्त्रोतों की स्थिरता और पुर्ननिर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना, वर्षा जल संचय को प्रोत्साहित करने के साथ ही अकार्यशील हैंडपंप, सूखे कुएं और नलकूप के माध्यम से भूजल पुर्नभरण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां शामिल हैं।

अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में समिति गठित

अभियान के सुचारू संचालन और प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 31 सदस्यीय राज्य ह्यकर्मभूमि से मातृभूमिह्ण अभियान समिति गठित की गई है। विभिन्न विभागों में प्रभावी समन्वय, कन्वर्जेंस, योजना के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों के निराकरण एवं योजना की प्रगति की मॉनिटरिंग के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 20 सदस्यीय राज्य स्तरीय निर्देशन समिति बनाई गई है। वहीं, जिला स्तर पर कलेक्टर की अगुवाई में 17 सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। अभियान का नोडल भू-जल विभाग है।

इस अभियान के अतिरिक्त, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस वर्ष प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित किया गया, जिसने जल संरक्षण और संचयन के कार्यों को नई दिशा दी। इसके तहत जलाशयों की मरम्मत, सफाई, जल निकासी व्यवस्था में सुधार, अतिक्रमण हटाना, बांध क्षेत्रों में श्रमदान, पौधारोपण, जल संग्रहण और जल संरक्षण संरचनाओं सम्बंधित कार्य किए गए।

**मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026**

## भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तिथि एक सप्ताह बढ़ाकर कार्यक्रम में बदलाव किया

## 25000 से अधिक बीएलओ ने किया 100 प्रतिशत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर/उदयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए प्रासंगिक तिथियों को एक सप्ताह बढ़ाकर संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसमें 1 जनवरी 2026 को अर्हक तिथि माना गया है।

उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम इस प्रकार है

1. गणना चरण- 11 दिसम्बर 2025 (गुरुवार) तक।

**प्रदेश में 15 विधानसभा क्षेत्र एवं चार जिलों में शत प्रतिशत कार्य संपन्न**

2. ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन- 16 दिसम्बर 2025 (मंगलवार) को।
3. दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि- 16.12.2025 (मंगलवार) से 15 जनवरी 2026 (गुरुवार) तक।
4. नोटिस चरण (जारी करना, सुनवाई और सत्यापन); गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों तथा आपत्तियों का निपटान ईआरओ द्वारा साथ साथ किया जाएगा-16 दिसम्बर 2025 (मंगलवार) से 7 फरवरी 2026 (शनिवार) तक।
5. मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन- 14 फरवरी 2026 (शनिवार) को किया जाएगा।

श्री महाजन ने बताया कि प्रदेश में कुल 5 करोड़ 46 लाख 56 हजार 215 गणना प्रपत्रों में से 5 करोड़ 24 लाख से अधिक प्रपत्र ईसीआई-नेट पर अपलोड किए जा चुके हैं, जो निर्धारित अवधि से पूर्व ही 95.9 प्रतिशत उपलब्धि है। यह सफलता तकनीकी दक्षता, टीमवर्क और जिला स्तर पर सतत मॉनिटरिंग का परिणाम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश के 25,000 से अधिक पोलिंग बूथों पर बीएलओ द्वारा 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बाड़मेर, सलूंबर बालोतरा एवं झालावाड़ जिलों में 100 प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजिटाइज हो चुके हैं। वही 15 विधानसभा क्षेत्रों खानपुर, सिवाना, डग, मनोहर थाना, भीनमाल, सलूंबर, चौहटन, पचपदरा, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, गुड़ामालानी, झालरापाटन, बाडी, शिव एवं बाड़मेर में 100 प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजिटाइज हो चुके हैं।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस कार्यक्रम 1 दिसंबर से

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। सोसाइटी फॉर एजुकेशन फॉर डिफरेंटली एबेल्ड और अभिलाषा विशेष विद्यालय द्वारा 1 से 4 दिसंबर 2025 तक अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में चार दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकारों, क्षमताओं और उनकी सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देना तथा समाज में समावेशन की भावना को सशक्त बनाना है।

चार दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत 1 दिसम्बर को सुबह 9 बजे आईजी गौरव श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में सिग्नेचर कैंपेन व आर्ट वर्कशॉप के साथ होगी। इसमें विशेष रूप से सजाया गया सिग्नेचर बस कैंपेन उदयपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों का भ्रमण करेगा, जहाँ विद्यार्थी दिव्यांगजनों के समर्थन में अपने हस्ताक्षर और संदेश दर्ज करेंगे। इसके बाद 11 बजे से आर्ट वर्कशॉप होगी। अगले दिन 2 दिसम्बर को जागरूकता कार्यक्रम, 3 दिसंबर को मैराथन व मुख्य समारोह तथा 4 दिसंबर को विशेष कार्यक्रम एवं कला प्रदर्शनी उद्घाटन किया जाएगा। इसमें नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों के पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

## ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत गुजरात से दो फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों की तलाश में चलाए जा रहे ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा के मार्गदर्शन और वृताधिकारी सागवाड़ा रूप सिंह के सुपरविजन में थाना सागवाड़ा की टीम ने गुजरात राज्य से दो वांछित स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। दोनों आरोपी कई वर्षों से गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदलते हुए गुजरात में छिपकर रह रहे थे। थानाधिकारी सागवाड़ा मदन लाल के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। तकनीकी निगरानी, स्थानीय इनपुट और मुखबिर सूचना के आधार पर दिनांक 01 दिसंबर 2025 को गुजरात में संयुक्त कार्रवाई कर दोनों को दबोचकर डूंगरपुर लाया गया।



दोनों आरोपी विभिन्न प्रकरणों में स्थायी वारंटी थे, जिनमें से एक चेक अनादरण और दूसरा अन्य भारतीय न्याय संहिता के मामलों में वांछित था। गिरफ्तारी के बाद दोनों वारंटों का निस्तारण किया गया। गिरफ्तार स्थायी वारंटी : कचरा पिता मोगजी नाई निवासी आरा, भूपेश कुमार पिता धुला रोत निवासी फावटा। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल प्रकाश चंद्र, कांस्टेबल प्रहलाद सिंह और कांस्टेबल घनश्याम सिंह शामिल थे।

## भगवा परिषद बरेली की नई कार्यकारिणी का गठन, सामाजिक कार्यों में तेजी की उम्मीद

**बरेली @ पदमावत मीडिया। बरेली।** भगवा परिषद जनपद बरेली की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। संगठन विस्तार और आगामी वर्ष की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए की गई इस नियुक्ति में विभिन्न पदों पर सक्रिय कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नवगठित कार्यकारिणी में सुबोध अस्थाना को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में विमल सक्सेना तथा जिला उपाध्यक्ष पद पर अनुज शर्मा, प्रवीण मिश्रा, महेंद्र राठौर और गौरव पांडे को नियुक्त किया गया है। शैलेन्द्र सक्सेना शैलू को जिला महासचिव और आशीष सक्सेना को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सचिन कंचन, दीपक सक्सेना, योगेंद्र श्रीवास्तव, राहुल शर्मा, प्रदीप गुप्ता, गौरव मिश्रा और अंकुर पाठक जिला सचिव के रूप में कार्य करेंगे। संगठन ने



अश्विनी कमठान, रक्ष पाल सिंह, अवधेश कुमार सिंह, दीपक राज, विपिन कौसर, मोहित शर्मा, रवि सक्सेना और अभिषेक शंखधार को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया है। महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ का दायित्व स्नेहलता चौहान को सौंपा गया है।

नई कार्यकारिणी को उत्तर प्रदेश के वन राज्य मंत्री अरुण कुमार, भगवा परिषद प्रदेश अध्यक्ष अजय कटियार, प्रदेश प्रवक्ता संतोष उपाध्याय, मंडल प्रभारी सुनील सक्सेना मिलन, मंडल अध्यक्ष दिवाकर आर्य सहित कई सामाजिक और संगठनात्मक पदाधिकारियों ने शुभकामनाएँ दीं। कायस्थ समाज के विभिन्न संगठनों कायस्थ महासभा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, चित्रांश महासभा, कायस्थ चेतना मंच और कायस्थ सेना कल्याण परिवार से जुड़े पदाधिकारियों ने भी कार्यकारिणी को बधाई देकर संगठन को मजबूत करने की उम्मीद जताई। नई टीम से अपेक्षा है कि सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रहित कार्यक्रमों, महिला सशक्तिकरण और युवा सहभागिता को और अधिक गतिशीलता के साथ बढ़ाया जाएगा।

## अभातेयुप का मेवाड़ में संचालित प्रथम एटीडीसी का हुआ शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** हर आमजन की सेवा के लिए तत्पर अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा रियायती दरों पर डायग्नोसिस सेंटर और डेंटल ट्रीटमेंट सुविधा और साथ में कई गणमान्य और अनुभवी डॉक्टरों की परामर्श सुविधा उदयपुर के चेतक सर्कल पोस्ट ऑफिस के सामने आचार्य श्री तुलसी डायग्नोसिस सेंटर पर उपलब्ध करवाई जा रही है।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा संचालित और तेरापंथ युवक परिषद उदयपुर द्वारा समर्थित एटीडीसी का भव्य शुभारंभ जैन संस्कार विधि से किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत संस्कारक पंकज भंडारी और मनोज लोढ़ा द्वारा नमस्कार महामंत्र से हुई। विधि में निर्दिष्ट सम्पूर्ण विधान से एटीडीसी का शुभारंभ किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अभातेयुप पवन मांडोत ने सभी का स्वागत करते हुए मेवाड़ में 13 एटीडीसी की स्थापना की यात्रा की शुरूआत उदयपुर से करते हुए सभी युवाओ को सेवा के इस क्रम में अधिक से अधिक जुड़ने का आह्वान किया और कहां की हमारी यह संस्था उदयपुर और आसपास के लोगों के चिकित्सा के क्षेत्र में होने वाली तकलीफों को दूर करने एवं कम दरों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लक्ष्य से जुड़ी है। इस लक्ष्य के साथ एटीडीसी के सपने को जन-जन तक पहुंचना चाहती है इसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है, शीघ्र ही नाथद्वारा कांकरोली राजनगर आमेट केलवा देवगढ़ भीलवाड़ा और अन्य कई क्षेत्रों में भी इसी तरह के डायग्नोसिस सेंटर एवं चिकित्सक



सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ।

तेरापंथ सभाध्यक्ष कमल नाहटा, उद्घाटनकर्ता दिनेश पोखरना चितांबा, राजकुमार सुराणा, संदीप हिंगड़, राजीव सुराणा, देवेंद्र डागलिया, सलिल लोढ़ा, तेयुप अध्यक्ष अशोक चोरडिया ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन संचालन अभातेयुप महामंत्री सौरभ पटावरी द्वारा किया गया। आभार अभातेयुप उपाध्यक्ष अनंत बागरेचा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अभातेयूप टीम के सदस्य भूपेश खमेसरा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभातेयुप प्रबंध मंडल से पवन नौलखा, अंकुर लुनिया, विकास बोथरा, रोहित कोठारी, और टीम से पीयूष लूनिया, अभिषेक पोखरणा,अजीत छाजेड़, जितेश पोखरणा,देव चावत, आशीष दक, तुषार सुराणा, तरुण जैन, पीएमसीएच से डॉक्टर वषार्नी , अतिथि ओ पी जैन साहब, विनोद मांडोत, विनोद एम माडोत, अर्जुन खोखावत, विनोद कच्छारा, मुकेश कच्छारा, डॉ. जौहरी साहब एवं डेंटल टीम सहित उदयपुर प्रबंध मंडल टीम और कई युवा सदस्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति भवन निलयम, हैदराबाद में युवा साहित्यकार शकुंतला पालीवाल का कहानी-पाठ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** उदयपुर की युवा साहित्यकार श्रीमती शकुंतला पालीवाल ने राष्ट्रपति निलयम हैदराबाद तेलंगाना में आयोजित हो रहे भारतीय कला महोत्सव में 29 नवंबर को दूसरे सत्र बहुभाषी कहानी पाठ में मायड भाषा राजस्थानी की कहानी 'अणछाई' का पाठ किया, जिसे बहुत सराहना मिली। उनकी प्रस्तुत कहानी अणछाई नाम की उस बच्ची की है, जो ऐसे समाज में जन्म लेती है जहाँ




तीसरी बेटी होने पर उसे अणछाई, धापू, रामघणी, बसकरो जैसे नाम दे दिए जाते हैं मानो उसका जन्म किसी गलती का परिणाम हो। जबकि कसूर उसका नहीं, बल्कि उस सोच का होता है जो बेटियों का महत्व नहीं समझती। इसी सत्र में गुजरात की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ गिरिमा घरेखन ने अपनी गुजराती कहानी नंगे पैर तथा गोआ से आई सुश्री जोफा गोंजालविस ने अपनी




कोंकणी कहानी चूक का पाठ किया। अंत में कार्य क्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ गिरिमा ने सभी पठित कहानियों का विश्लेषण किया। वहाँ उपस्थित सभी साहित्य प्रेमियों ने पठित कहानियों की प्रशंसा की।

यह कार्यक्रम केंद्रीय साहित्य अकादमी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

## सीबीआई ने 10 लाख के इनामी शफात अहमद शांगलू को किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 35 वर्ष पुराने चर्चित रूबिया सईद अपहरण मामले में बड़ा कदम उठाते हुए फरार चल रहे आरोपी शफात अहमद शांगलू को गिरफ्तार कर लिया है। शांगलू इस मामले में लंबे समय से वांछित था और उसकी गिरफ्तारी पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

CBI के अनुसार, शफात अहमद शांगलू पर वर्ष 1989 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ़्ती मोहम्मद सईद की पुत्री डॉ. रूबिया सईद के अपहरण की साजिश में शामिल होने का आरोप है। वह यासीन मलिक और अन्य सहआरोपियों के साथ मिलकर इस




अपराध में संलिप्त था। मामला विभिन्न धाराओं के तहत RPC AüSX TADA एक्ट में दर्ज किया गया था। सीबीआई ने बताया कि शांगलू को अब कानूनी प्रक्रिया के तहत निर्धारित समय में टाडा कोर्ट, जम्मू में प्रस्तुत किया जाएगा। एजेंसी के अनुसार, यह गिरफ्तारी इस ऐतिहासिक और संवेदनशील मामले की जांच को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# सीआईडी इंटेलिजेंस की श्रीगंगानगर में बड़ी कार्रवाई : पाक आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

## सेना की गोपनीय सूचनाएं भेजने, ओटीपी सप्लाई और फंडिंग में लिप्त प्रकाश उर्फ बादल गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान सीआईडी इंटेलिजेंस की जयपुर इकाई ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए श्रीगंगानगर में एक बड़ी जासूसी साजिश का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के तहत पंजाब के फिरोजपुर निवासी प्रकाश सिंह उर्फ बादल को गिरफ्तार किया गया है, जो सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में रहकर भारतीय सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी भेज रहा था।

महानिरीक्षक पुलिस (इंटेलिजेंस) प्रफुल्ल कुमार के अनुसार, 27 नवंबर को संदिग्ध



प्रकाश सिंह के सैन्य प्रतिष्ठान साधूवाली के नजदीक देखे जाने की सूचना मिली थी। बॉर्डर इंटेलिजेंस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया। उसके मोबाइल फोन में विदेशी और पाकिस्तानी व्हाट्सएप नंबरों से लगातार संपर्क के प्रमाण मिले।

### ऑपरेशन सिंदूर के समय से ISI के संपर्क में था एजेंट

संयुक्त पूछताछ केंद्र, श्रीगंगानगर में की गई गहन जांच में सामने आया कि प्रकाश सिंह ऑपरेशन सिंदूर से लेकर अब तक लगातार आईएसआई से जुड़ा हुआ था। वह भारतीय सेना के वाहनों की आवाजाही, सैन्य ठिकानों, पुलों, सड़क मार्गों, सीमावर्ती संवेदनशील क्षेत्रों, रेलवे लाइनों और नए निर्माण कार्यों जैसी महत्वपूर्ण सामरिक सूचनाएँ पाकिस्तान भेज रहा था।

### ओटीपी सप्लाई रैकेट का भी खुलासा

जांच में यह भी सामने आया कि बादल केवल जासूसी ही नहीं, बल्कि भारतीय मोबाइल नंबरों के ओटीपी पाकिस्तानी एजेंटों तक पहुँचाने की खतरनाक भूमिका भी निभा रहा था। इन ओटीपी की मदद से पाक हैंडलर्स भारतीय नंबरों पर व्हाट्सएप एक्टिव कर जासूसी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियां संचालित करते थे। इस अवैध कार्य के बदले उसे धनराशि भी दी जाती थी।

### शासकीय गुप्त बात अधिनियम के तहत मामला दर्ज

पूछताछ और मोबाइल डेटा विश्लेषण में सभी आरोप पुख्ता होने पर संदिग्ध को जयपुर के केंद्रीय पूछताछ केंद्र में ट्रांसफर किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं एजेंसियों की संयुक्त जांच के आधार पर प्रकाश सिंह उर्फ बादल (आयु 34 वर्ष) के खिलाफ शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 के तहत स्पेशल पुलिस स्टेशन, जयपुर में मुकदमा दर्ज कर सोमवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

सीआईडी इंटेलिजेंस की इस कार्रवाई से एक बड़े जासूसी नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है, जिसने सीमा सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई गंभीर पहलुओं पर खतरे का संकेत दिया था।

# बेहतर यातायात प्रबंधन और महिला सुरक्षा के लिए भोपाल, इंदौर, अशोकनगर और डिंडोरी पुलिस की तकनीक-संचालित पहलें





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा राजधानी भोपाल सहित इंदौर, अशोकनगर और डिंडोरी में तकनीक-आधारित, त्वरित और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग का सशक्त मॉडल विकसित किया जा रहा है। इन जिलों में शुरू की गई नई पहलें यातायात प्रबंधन, महिला सुरक्षा और शिकायत निस्तारण को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और संवेदनशील बनाने पर केंद्रित हैं।

भोपाल में नगरीय यातायात पुलिस ने क्यूआर कोड आधारित शिकायत/सुझाव प्रणाली लागू की है, जिसके माध्यम से नागरिक किसी भी चौराहे, सड़क या क्षेत्र से संबंधित समस्या को सीधे पुलिस तक पहुंचा सकते हैं। प्राप्त सूचनाओं पर पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा स्थल निरीक्षण, सुधारात्मक कार्रवाई और विभागीय समन्वय कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। यह प्रणाली यातायात प्रबंधन को अधिक सहभागी एवं पारदर्शी बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में यातायात समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए व्हाट्सएप हेल्पलाइन 7049107620 जारी की गई है। इस हेल्पलाइन पर प्राप्त 1119 शिकायतों में 1077 का त्वरित निस्तारण किया गया है। ऑटो-रिक्शा की अव्यवस्थित पार्किंग, शाम के समय बढ़ते यातायात दबाव, विवाह समारोहों के दौरान ट्रैफिक अवरोध जैसी समस्याओं का समाधान ट्रैफिक नियंत्रण कक्ष, फील्ड टीमों, क्रेन सपोर्ट और तत्काल पेट्रोलिंग के माध्यम से किया गया।

अशोकनगर में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ह्यनिर्भया पुलिस मोबाइलह्ल सेवा शुरू की गई है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में संचालित यह यूनिट स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और संवेदनशील इलाकों में सतत पेट्रोलिंग कर महिलाओं में सुरक्षा का भाव मजबूत कर रही है। रात्रि 10 बजे से प्रातः 5 बजे तक किसी भी अकेली महिला/बालिका को सुरक्षित घर पहुंचाने की सेवा प्रदान की जा रही है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 7587619200 जारी किया गया है। इस विशेष यूनिट में एक उप निरीक्षक सहित महिला एवं पुरुष आरक्षकों की टीम तैनात है।

डिंडोरी में पुलिस ने क्यूआर कोड आधारित ऑनलाइन शिकायत प्रणाली लागू की है, जिसके माध्यम से नागरिक बिना किसी औपचारिक प्रक्रिया के सीधे पुलिस अधीक्षक तक अपनी शिकायत भेज सकते हैं। जिले के थानों, चौकियों, पुलिस लाइन और शासकीय कार्यालयों में लगाए गए क्यूआर कोड स्कैन कर कोई भी नागरिक ऑनलाइन फॉर्म भरकर शिकायत, दस्तावेज या सुझाव अपलोड कर सकता है।

तकनीक-संचालित इन सभी पहलों ने प्रदेश में सुरक्षित यातायात, पारदर्शी शिकायत निस्तारण और महिला सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान की है। इन प्रयासों से पुलिस-नागरिक संवाद और विश्वास को राज्य भर में नया आयाम मिला है।

# भामाशाह अशोक पाटनी को मिला प्रथम आहार का सौभाग्य

## पीपल्दा में पंचकल्याणक महोत्सव में उमड़ा भक्ति-सागर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**पीपल्दा/सवाई माधोपुर।** पंचकल्याणक महा-महोत्सव के चौथे दिन केवलज्ञान कल्याणक पर परम सौभाग्यशाली क्षण आया, जब प्रसिद्ध भामाशाह अशोक पाटनी (आर के मार्बल ग्रुप, किशनगढ़) तथा राजेंद्र कटारिया (अहमदाबाद) को परिवार सहित महामुनि चंद्रप्रभु को प्रथम आहार अर्पित करने का पुण्य अवसर प्राप्त हुआ। यह दिव्य प्रसंग आचार्य वर्धमान सागर ससंघ के सान्निध्य में संपन्न हुआ। प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बताया कि सकल दिगंबर जैन समाज के सहयोग से आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनके समक्ष देवकृत पुष्पवृष्टि, गंधोदक, शीतल मंद-सुगंधित वायु और दुंदुभी नाद जैसे पंचाश्चर्य घटित हुए।

धर्मसभा में आचार्य वर्धमान सागर ने कहा कि केवलज्ञान क्षण धर्मतीर्थ प्रवर्तन का आरंभ होता है, जहाँ समवसरण में भगवान की दिव्य देशना समस्त जीवों का कल्याण करती है। उन्होंने प्रतिमा और भगवान में अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रतिष्ठाचार्य द्वारा सूरी मंत्रोच्चार और गुणारोपण से ही प्रतिमा पूज्य बनती है। आचार्य ने कहा कि चंद्रप्रभु भगवान के समवसरण में सौधर्म इंद्र और इंद्र परिवार सहित समस्त देवों ने पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में भाग लिया। आचार्य ने आहार-दान की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह श्रेष्ठ दान है जिसकी पात्रता केवल पुण्यवान मनुष्यों को प्राप्त होती है।

प्रवचन से पूर्व मुनि हितेंद्र सागर ने पाटनी एवं कटारिया परिवार की देवझशास्त्रझगुरु के प्रति समर्पित



दानशीलता की सराहना की। प्रवचन के बाद आचार्य वर्धमान सागर गणधर रूप में उपस्थित होकर समवसरण में भगवान की दिव्य देशना का प्रसारण करते हुए सौधर्म, मुख्य श्रोता एवं श्रावकझश्राविकाओं की जिज्ञासाओं का आगमसम्मत समाधान करते रहे।

समवसरण में केवलज्ञान संस्कार क्रिया, अधिवासना, मुखोद्घाटन, नयनोन्मिलन, गुणारोपण, हवन, केवलज्ञान पूजा, समवसरण दर्शन, 46 दीपों की आरती और दिव्य ध्वनि का आयोजन बड़े उल्लास और भक्ति के साथ हुआ। पूरे पांडाल में जयकारों की मंगल ध्वनि गूंज उठी।

आचार्य वर्धमान सागर के सान्निध्य में दीप प्रज्वलन, चित्र अनावरण, चरण-प्रक्षालन एवं जिनवाणी भेट का सौभाग्य भामाशाह अशोक पाटनी और राजेंद्र कटारिया परिवार को मिला। समवसरण अनावरण का पुण्य अवसर किशनगढ़ के दिलीप कासलीवाल, राजेश पांड्या, बाबू गदिया, अनिल पाटनी और गौरव पाटनी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में किशनगढ़ के अशोक बोहरा और मनोज बोहरा का भी स्वागत किया गया।

# पुलिस थाना ऋषभदेव की कार्रवाई : कार में छुपाकर ले जा रहा 2.262 किलो अफीम डोडा चूरा, आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत ऋषभदेव पुलिस ने बड़ी सफलता दर्ज की है। पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल के मार्गदर्शन तथा वृत्ताधिकारी ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थाना ऋषभदेव की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से 2 किलो 262 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद कर आरोपी को गिरफ़्तार किया।

दिनांक 30.11.2025 को पीपली बी पुलिया के पास नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कार ऋ्नख-12-इफ़0903 तेज गति से निकलने का प्रयास करती दिखी। टीम ने पीछा कर कार को पुलिया के नीचे रोका। चालक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम जुजाराम पिता चेतनराम, निवासी आडेल भाम्भुओं का मोहल्ला, पुलिस थाना रावली नाड़ी, जिला



बाड़मेर बताया। वाहन की तलाशी पर सीटों के नीचे छुपाया गया कुल 2 किलो 262 ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण संख्या 291/2025 धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी मादक पदार्थों के अवैध परिवहन में सक्रिय है तथा नेटवर्क की अन्य कड़ियों की जांच जारी है।

गिरफ्तार आरोपी – जुजाराम पिता चेतनराम।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी बावलवाड़ा गणपत सिंह, सहायक उप निरीक्षक जोरावर सिंह, कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह (विशेष भूमिका) और कांस्टेबल दशरथ सिंह शामिल थे।

# एक अप्रैल से आरटीई के तहत प्रवेशित प्रत्येक बच्चे की पढ़ाई शुरू हो: शासन सचिव कृष्ण कुणाल

## आरटीई दिशानिर्देश को अंतिम रूप देने हेतु शिक्षा संकुल में विस्तृत समीक्षा बैठक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग में आयोजित समीक्षा बैठक में शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने निर्देश दिए कि आगामी शिक्षण सत्र की शुरूआत 1 अप्रैल से सुनिश्चित की जाए और आरटीई के माध्यम से प्रवेशित हर विद्यार्थी की पढ़ाई उसी दिन से विद्यालय में प्रारंभ कराई जाए, ताकि वे अन्य विद्यार्थियों के साथ पूरा पाठ्यक्रम समय पर पूरा कर सकें। शिक्षा संकुल के माधव सभागार में आयोजित बैठक में आगामी सत्र के लिए आरटीई दिशानिर्देशों को अद्यतन करने, प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और शिकायत निस्तारण को अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में आरटीई प्रवेश प्रक्रिया के दौरान मिलने वाली शिकायतों के त्वरित और सरल



निस्तारण के लिए सीबीईओ, डीईओ और संयुक्त निदेशक स्तर पर शिकायत निवारण प्रणाली को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। दस्तावेज अपलोड की अंतिम तिथि निर्धारित कर भ्रम की स्थिति समाप्त करने, आय प्रमाण सत्यापन के लिए पैन अनिवार्य करने, स्कूल अलॉटमेंट के बावजूद प्रवेश न देने पर निजी विद्यालयों पर पैनल्टी लगाने और एनसीईआरटी की पुस्तकों को पाठ्यक्रम में प्राथमिकता देने पर भी सहमति बनी। अभिभावकों को आवेदन प्रक्रिया समझाने हेतु मॉक सेशन आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

शासन सचिव ने कहा कि आठवीं तक आरटीई के तहत अध्ययन पूरा कर चुके विद्यार्थियों का 12वीं कक्षा तक ठहराव सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए मुख्यमंत्री बालक फीस पुनर्भरण योजना और वीर बाला कालीबाई भील बालिका फीस पुनर्भरण योजना का लाभ अधिकतम विद्यार्थियों तक पहुँचाया जाए, ताकि किसी भी बच्चे की शिक्षा बाधित न हो।

बैठक में राज्य परियोजना आयुक्त और निदेशक अनुपमा जोरवाल, आयुक्त मिड डे मील विश्वमोहन शर्मा, अतिरिक्त राज्य परियोजना आयुक्त अशोक कुमार मीणा, संयुक्त निदेशक मंजू शर्मा, विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि और अभिभावक संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन शटरडाउन 2.0 : 25,000 के इनामी अपराधी की गिरफ्तारी से बड़ा फजीर्वाड़ा उजागर

## दिव्यांग प्रमाण पत्र से लेकर पेंशन अप्रूवल तक पूरा सिंडिकेट बेनकाब; CMHO ऑपरेटर, तहसील रीडर व ऑपरेटर सहित 7 गिरफ्तार

**झालवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** सरकारी योजनाओं में साइबर फ्रॉड का पदार्फाश करने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन शटरडाउन 2.0 के तहत जिला पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि 25,000 के इनामी और लंबे समय से फरार ई-मित्र संचालक कुलदीप ढोली की गिरफ्तारी के बाद फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन आवेदन और अप्रूवल से जुड़ा पूरा नेटवर्क उजागर हुआ है। कुलदीप, ऑपरेशन के पहले चरण के मुख्य सरगना रामावतार सैनी का प्रमुख एजेंट था। पुलिस ने विशेष टीम द्वारा मध्य प्रदेश के गुना में दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया।



### सरकारी कर्मचारियों ने बेचा गोपनीय एक्सेस

पूछताछ में कुलदीप ने खुलासा किया कि फजीर्वाड़े के लिए उसने तहसील कार्यालय अकलेरा के भीतर से गोपनीय आईडी व ओटीपी हासिल किए थे। जांच के आधार पर तहसील अकलेरा में कार्यरत कनिष्ठ सहायक/रीडर पंकज कुमार को गिरफ्तार किया गया। पंकज ने आर्थिक लाभ लेकर तहसीलदार अकलेरा की आधिकारिक आईडी कुलदीप को सौंप दी थी। कुलदीप ने यह एक्सेस सरगना रामावतार सैनी को दिया, जिसने अपात्र लोगों के बड़े पैमाने पर दस्तावेज सिस्टम में अनुमोदित कर पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाया।

### उटल्ड ऑफिस से जारी हुए फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र

पुलिस ने ई-मित्र संचालक रविन्द्र कुमार को भी गिरफ्तार किया, जिसने स्वयं फर्जी दिव्यांग बनकर पेंशन और राज्य सरकार की स्कूटी योजना का लाभ ले रखा था। उसकी स्कूटी जब्त कर ली गई है। रविन्द्र की जानकारी के आधार पर उटल्ड ऑफिस के संविदा ऑपरेटर युवराज सिंह को गिरफ्तार किया गया। युवराज अपनी आधिकारिक आईडी से एजेंटों के माध्यम से हजारों फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी कर चुका था।

तहसील स्तर पर अप्रूवल में भी फजीर्वाड़ा

फर्जी दिव्यांगों को पेंशन का अंतिम अप्रूवल देने में तहसील अकलेरा के संविदा ऑपरेटर हेमन्त कुमार और उसके एजेंट राकेश कुमार की भूमिका सामने आई। दोनों को गिरफ्तार किया गया। हेमन्त, तहसीलदार की आईडी का दुरुपयोग कर पेंशन अप्रूवल कर रहा था। साथ ही उत्कर पोर्टल पर फसल मुआवजा फजीर्वाड़ा करने वाले जीतमल को भी गिरफ्तार किया गया।

### अब तक 47 गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में डिजिटल डाटा जब्त

इस चरण की कार्रवाई के बाद ऑपरेशन शटरडाउन में कुल 47 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिसमें सरगना रामावतार सैनी और मास्टरमाइंड विक्रम सैनी भी शामिल हैं। पुलिस ने इस कार्रवाई में 3 लैपटॉप, 7 एंड्रॉयड मोबाइल, एक स्कूटी और भारी मात्रा में डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किया है।

एसपी अमित कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं में फजीर्वाड़ा करने वाले किसी भी नेटवर्क को बख्शा नहीं जाएगा और ऑपरेशन शटरडाउन आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### अनुसंधान सहायक (मूल्यांकन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024

### आयोग ने विचारित सूची जारी की

**अजमेर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने अनुसंधान सहायक (मूल्यांकन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के लिए विचारित सूची जारी कर दी है। इस




सूची में 33 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए अस्थायी रूप से शामिल किया गया है। विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव के अनुसार यह सूची केवल दस्तावेज सत्यापन हेतु है, न कि चयन सूची या वरीयता सूची। दस्तावेज सत्यापन के बाद ही अंतिम सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी। विचारित सूची में शामिल अभ्यर्थियों को 5 से 11 दिसंबर 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) एसएसओ आईडी के माध्यम से रिक्रूटमेंट पोर्टल पर विस्तृत आवेदन-पत्र ऑनलाइन भरना होगा। आवेदन-पत्र तथा दस्तावेजों की जांच संबंधित विभाग–मूल्यांकन विभाग–द्वारा ही की जाएगी। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के बाद उसकी दो प्रिंट प्रतियां सुरक्षित रखें। मूल्यांकन विभाग की सूचना के अनुसार निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अभ्यर्थियों को समस्त मूल दस्तावेजों व स्वयं सत्यापित प्रतियों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। आयोग की ओर से दस्तावेज सत्यापन हेतु कोई अलग सूचना जारी नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि पर दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी को अपात्र मानते हुए चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा। विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन के बाद पात्र अभ्यर्थियों की सूची आयोग को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर परिणाम जारी कर चयनित अभ्यर्थियों के नाम नियुक्ति के लिए संबंधित विभाग को भेजे जाएंगे। पात्रता की जांच विज्ञापन में निर्धारित शर्तों के अनुसार की जाएगी और शर्तें पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता रद्द कर दी जाएगी। इसी परीक्षा में 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में पांचों विकल्पों में से कोई भी नहीं भरने के कारण 10 अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित किया गया है। इन अभ्यर्थियों के रोल नंबर आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रकाशित किए गए हैं।

### चूरू पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 479 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद, कंटेनर सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**चूरू @ पदमावत मीडिया।** अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चूरू पुलिस को



एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ट्रक कंटेनर में छिपाकर ले जाया जा रहा 479 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 71.85 लाख रुपये आंकी गई है। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि बीकानेर रेंज द्वारा मादक पदार्थ एवं संगठित अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वृताधिकारी राजगढ़ अभिजीत पाटिल आईपीएस के निर्देशन में रेंज स्पेशल टीम, एजीटीएएफ और थाना राजलदेसर पुलिस ने यह संयुक्त कार्रवाई की। रविवार 30 नवंबर को राजलदेसर थाना क्षेत्र में संदिग्ध कंटेनर की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्करों की पहचान दिनेश कुमार पुत्र उदयराम (29) निवासी पगरिया और बाबूलाल बागड़ी पुत्र रमेशचन्द्र (28) निवासी पिड़ावा, जिला झालावाड़ के रूप में हुई। कंटेनर के भीतर विशेष रूप से छिपाए गए बोरों में यह मादक पदार्थ भरा हुआ था, जिसे तस्कर राज्य की सीमा पार ले जाने की फिराक में थे। एसपी जय यादव ने कहा कि प्रकरण में विस्तृत अनुसंधान कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा और तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तारी के दायरे में लाया जाएगा। अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चूरू पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस मुख्यालय में हुआ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** दिसंबर माह के पहले दिन यानि 01 दिसंबर को पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रगान जन गण मन एवं राष्ट्रगीत वंदेमातरम का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश





मकवाणा सहित पुलिस मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### निर्यात प्रोत्साहन एवं डाक्यूमेंटेशन पर कार्यशाला आयोजित

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** उद्योग विभाग , राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद एवं मेवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मेवाड़ चैंबर भवन, नागोरी गार्डन स्थित एलएनजे कॉन्फ्रेंस हॉल में राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति -2024 एवं निर्यात पुरस्कार के संबंध में कार्यशाला (ह्लएक्सपोर्ट प्रमोशन एवं डॉक्यूमेंटेशन, एक्सपोर्ट पुरस्कार) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल जयपुर के विशेषज्ञ श्री राजकुमार वैष्णव ने राजस्थान निर्यात संवर्धन नीतिझ2024 के प्रावधानों एवं निर्यात से जुड़ी प्रक्रियाओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। श्री वैष्णव ने उद्यमियों को निर्यात दस्तावेजीकरण, अंतरराष्ट्रीय बाजार की संभावनाएँ, ऑनलाइन निर्यात, भुगतान सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स सपोर्ट तथा सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक, उद्योग विभाग भीलवाड़ा के.के. मीना ने जिले में लागू वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट नीतिझ2024 के उद्देश्यों एवं लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा का टेक्सटाइल प्रोडेक्ट एक जिला एक उत्पाद के रूप में चयनित है, जिससे जिले के एमएसएमई उद्यमियों को निर्यात क्षमताओं में वृद्धि, ब्रांड वैल्यू निर्माण और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँच बनाने में बड़ा अवसर मिलेगा। योजनांतर्गत नए सूक्ष्म ओडीओपी उद्योगों को 25% मार्जिन मनी अनुदान (अधिकतम 15 लाख) व लघु उद्योगों को 15% अनुदान (अधिकतम 20 लाख) साथ ही महिला / अनुसूचितजाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग / युवा उद्यमियों को अतिरिक्त -5 लाख अनुदान देय है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मेलों में भागीदारी पर 75% स्टॉल शुल्क अनुदान, (अधिकतम -2 लाख)यात्रा पर सहायता, गुणवत्ता प्रमाणन जैसे इक्र, क्रड एऊ ऋ्रअरअक प्रमाणीकरण क्ढफ (ट्रेडमार्क/डिजाइन) हेतु 75% खर्च प्रतिपूर्ति (अधिकतम 5 लाख), तकनीकी उन्नयन सॉफ्टवेयर हेतु 50% का अनुदान (अधिकतम 5 लाख),ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शुल्क पर 2 वर्ष तक 75% (अधिकतम -1 लाख प्रतिवर्ष) की सहायता,वेबसाइट निर्माण पर 60% (अधिकतम 75,000) का अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जा रहा है ।

राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल जयपुर के विशेषज्ञ राजकुमार वैष्णव ने बताया कि राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति 2024 के अंतर्गत राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय मेलों में भाग लेने पर 75% अनुदान या -3 लाख तक सहायता,निर्यात परीक्षण, गुणवत्ता प्रमाणन (इक्र/क्रड) पर 50% या -5 लाख तक प्रतिपूर्ति,उत्पाद परीक्षण हेतु 75% खर्च या 3 लाख तक सहायता ,नई तकनीक /सॉफ्टवेयर अपनाने पर 50% या -2 लाख तक अनुदान,ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शुल्क पर 75% प्रतिपूर्ति (2 लाख तक) का अनुदान,निर्यात क्रेडिट बीमा शुल्क पर 50% या 2 लाख तक सहायता, मालभाड़ा/ लॉजिस्टिक्स शुल्क पर 25% या 25 लाख तक प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि 2029 तक राजस्थान के निर्यात को 1.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए उद्योगों को वैश्विक बाजार से जोड़ने, गुणवत्ता उन्नयन एवं तकनीकी सुधारों पर विशेष बल दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मेवाड़ चैंबर के वरिष्ठ सदस्य एन. के. जैन, रीको एआरएम निशांत कुमावत उद्योग जगत से जुड़े कई प्रतिनिधि, टेक्सटाइल उद्यमी सी.ए. हरीश काकानी,अमित सिंह एवं टरटए२ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में तीन दिवसीय विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**भोपाल(एप्र)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, अहमदाबाद द्वारा राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में 1 से 3 दिसम्बर तक आयोजित तीन दिवसीय विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी का शुभारम्भ शनिवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक संदीप शर्मा, विशिष्ट अतिथि नेहा गौर मिश्रा तथा इसरो के वैज्ञानिक डॉ. एसपी व्यास द्वारा किया गया। आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि प्लेसमेंट एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. मनीष चतुर्वेदी और डॉ. भुवनेश शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रदर्शनी में अब तक 60 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों और 6000 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसरो की मोबाइल स्पेस साइंस बस छात्र-छात्राओं में विशेष आकर्षण बनी हुई है, वहीं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक भी बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं। कार्यक्रम में कुलसचिव भावना शर्मा, डीन फैकल्टी अफेयर्स डॉ. दिनेश बिरला, प्रदर्शनी समन्वयन टीम के मोहित प्रजापत, दिव्यांशु शर्मा और धनंजय शर्मा उपस्थित रहे।



**60 से अधिक संस्थानों और 6000 विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण**

उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि आरटीयू द्वारा विद्यार्थियों को भारत की वैज्ञानिक विरासत से जोड़ने का यह प्रयास उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि विक्रम साराभाई ने आधुनिक विज्ञान, भौतिक अनुसंधान और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की नींव मजबूत की। अंतरिक्ष अनुसंधान हमारी भविष्य की तकनीकी प्रगति का आधार है और यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम ज्ञान, नवाचार और प्रेरणा का ऐसा मंच है, जहाँ युवा प्रतिभाओं को विज्ञान और तकनीक की नई दिशाएँ मिलेंगी।



इसरो की वरिष्ठ वैज्ञानिक नेहा गौर मिश्रा ने कहा कि विक्रम साराभाई की वैज्ञानिक विरासत को समाज तक पहुँचाना हमारी जिम्मेदारी है। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को इंटरैक्टिव मॉडल्स, सूचनात्मक डिस्प्ले और आधुनिक अंतरिक्ष तकनीक का अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसरो की उपलब्धियों को समझने से युवाओं में अनुसंधान और विज्ञान के प्रति रुचि और अधिक प्रबल होगी।




वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एसपी व्यास ने कहा कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत और रोमांचक अनुभव प्रदान करती है। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को अंतरिक्ष मिशनों, रॉकेट प्रक्षेपण, उपग्रह तकनीक और भारत की अंतरिक्ष यात्रा के वैज्ञानिक पहलुओं को नजदीक से समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवा मन में जिज्ञासा, नवाचार और भविष्य की वैज्ञानिक खोजों के लिए प्रेरणा पैदा करते हैं।

कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी ने कहा कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीक से रूबरू कराने के साथ उन्हें वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक की प्रगति को नजदीक से अनुभव करना विद्यार्थियों के लिए गर्व और सीख दोनों का अवसर है। आरटीयू का उद्देश्य भविष्य के वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और नवप्रवर्तकों को प्रोत्साहित करना है।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद विद्यार्थियों ने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद और अंतरिक्ष तकनीक को नजदीक से देखने का अवसर अत्यंत प्रेरणादायक रहा। प्रदर्शनी में इसरो स्पेस साइंस बस द्वारा चंद्रयान, मंगलयान, रडार प्रणाली, लॉन्चपैड मॉडल, रॉकेट प्रक्षेपण प्रदर्शन, शैक्षिक अंतरिक्ष वृत्तचित्रों के लिए फिल्म-स्क्रीनिंग कक्ष, तथा उपग्रह, रॉकेट, रोवर और इसरो मिशनों पर आधारित चार थीम-आधारित हॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थी प्रतिदिन वैज्ञानिकों से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर रहे हैं और अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति नई ऊर्जा महसूस कर रहे हैं।

## जिला चिकित्सालय सलूंबर की नि:शुल्क भोजनशाला के लिए कचोरिया परिवार का मानव सेवा भाव: 15 दिन का संपूर्ण सहयोग प्रदान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिला चिकित्सालय सलूंबर परिसर में महावीर इंटरनेशनल (मुख्य शाखा, युवा शाखा एवं वीरा शाखा) द्वारा संचालित निःशुल्क रोगी भोजनशाला को स्थानीय कचोरिया परिवार ने मानवीय संवेदना से परिपूर्ण सहयोग प्रदान किया है। कचोरिया परिवार ने अपने पूज्य पिताश्री स्व. ऊंकारलाल और पूज्या माताश्री स्व. बसंतीबाई कचोरिया की द्वितीय पुण्यस्मृति पर 1 से 15 दिसंबर तक भोजनशाला संचालन हेतु संपूर्ण आर्थिक सहयोग दिया है।

भोजनशाला के सहयोग हेतु आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष प्रभुलाल जैन ने कहा कि यह योगदान केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानवीय सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय में दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले निर्धन मरीजों और उनके परिजनों के लिए यह भोजनशाला बड़ी राहत है। कचोरिया परिवार ने अपने पूर्वजों की स्मृति को समाज सेवा से जोड़कर एक प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की है।

शाखा सचिव मनीष कुमार भीमावत ने बताया कि भोजनशाला के नियमित संचालन में ऐसे सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भोजनशाला अनेक जरूरतमंदों के लिए सहारा बनी हुई है।

कोषाध्यक्ष अमरचंद जैन ने विश्वास व्यक्त किया कि कचोरिया परिवार का यह कदम समाज के अन्य सक्षम परिवारों को भी सेवा कार्यों की ओर प्रेरित करेगा, जिससे भोजनशाला जैसी सेवाएं निरंतर चलती रहें।




इस अवसर पर कचोरिया परिवार से अर्पित कचोरिया तथा महावीर इंटरनेशनल ऐश (मानसी) शाखा के ललित भुता, चेतन जैन, सुरजमल जैन, बदामीलाल जैन, गजेन्द्र शाह, मणीलाल मालवी, चंद्रप्रकाश सोनी, युवा शाखा के सचिव नरेश मालवी, कमलेश जैन सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## वाराहश्याम मंदिर में गीता ज्ञान कथा का पोस्टर विमोचित

## 4 से 10 जनवरी तक नेहरू मार्केट स्थित वाराहश्याम सत्संग भवन में होगा कथा आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



**भीनमाल।** गीता जयंती महोत्सव के तहत वाराहश्याम मंदिर में होने वाली गीता ज्ञान कथा के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि गीता का संदेश जीवन की हर चुनौती का समाधान प्रस्तुत करता है और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है।

इस अवसर पर गीता बहन ने कहा कि गीता का ज्ञान सिर्फ आध्यात्मिक पथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का सर्वोत्तम मार्ग है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को गीता के सार को समझने और उसे व्यवहार में लाने की आवश्यकता है ताकि जीवन में शांति, संतुलन और स्पष्टता बनी रहे। उन्होंने आगामी कथा के व्यापक प्रचार-प्रसार की जानकारी भी दी।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि गीता ज्ञान कथा का आयोजन 4 जनवरी से 10 जनवरी तक वाराहश्याम सत्संग भवन, नेहरू मार्केट में होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज के सभी वर्गों के लिए खुला रहेगा और श्रद्धालु इस आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ ले सकेंगे।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र प्रभारी गीता बहन, नागरिक कल्याण मंच अध्यक्ष माणकमल भंडारी, समाजसेवी लक्ष्मण भजवाड़, बी.के. शैल बहन, कीर्ति बहन, बी.के. गणेश भाई, जगदीश शर्मा, कमला, सीता, मंजू, संगीता, सुशीला, डिम्पल, मधू, फैन्सी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सेंट मैथ्यूज स्कूल में छात्राओं के लिए PCOD और फोन डिटॉक्स पर जागरूकता सत्र

**Acra काउंसलिंग सेंटर की पहल, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. संगीता तिवारी ने दिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संदेश**




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** किशोर स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए अूं काउंसलिंग सेंटर द्वारा सेंट मैथ्यूज स्कूल में छात्राओं के लिए PCOD (Polycystic Ovarian Disease) और फोन डिटॉक्सिफिकेशन पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। सत्र का संचालन GBH अमेरिकन हॉस्पिटल की जनरल सर्जन लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. संगीता तिवारी द्वारा किया गया।

डॉ. तिवारी ने किशोरियों में बढ़ते ढउडऊ मामलों की गंभीरता बताते हुए समय पर पहचान, खान-पान में सुधार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन और नींद के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने समझाया कि अत्यधिक मोबाइल उपयोग न केवल हार्मोनल संतुलन पर असर डालता है, बल्कि नींद, ध्यान और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी सीधे प्रभावित करता है। छात्राओं को डिजिटल डिटॉक्स, स्क्रीन-फ्री घंटे और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत डायरेक्टर ग्लोरी फिलिप के स्वागत संबोधन के साथ हुई, जिसमें उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य शिक्षा से जोड़ने की इस पहल की सराहना की। सत्र के अंत में Acra काउंसलिंग सेंटर की संस्थापक Dr. Mumal Chawra ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए डॉ. तिवारी के मूल्यवान मार्गदर्शन और स्कूल प्रशासन के सहयोग की प्रशंसा की।

Acra काउंसलिंग सेंटर उदयपुर में किशोर स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन करता रहता है।

## मनोहरपुर क्षेत्र में बिजली चोरी पकड़ी

**4.52 लाख रुपये का जुमार्ना**

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने सोमवार को मनोहरपुर क्षेत्र में की गई विशेष जांच के दौरान तीन अलग-अलग परिसरों में बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। जांच में सामने आया कि एक उपभोक्ता घरेलू श्रेणी के कनेक्शन से व्यावसायिक गतिविधि संचालित कर रहा था, जहां लाइब्रेरी और कंप्यूटर सेंटर बिना अनुमति चलाया जा रहा था। वहीं दो अन्य उपभोक्ता सर्विस लाइन में कट लगाकर अवैध तार जोड़कर सीधे बिजली की चोरी करते पाए गए। सतर्कता टीम ने सभी मामलों में वीसीआर भरते हुए कुल 4.52 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। कार्रवाई के दौरान सभी कनेक्शन डिस्कनेक्ट किए गए, मीटर जब्त किए गए तथा अवैध केबल भी मौके से हटाकर कब्जे में ले ली गई। डिस्कॉम द्वारा स्पष्ट किया गया कि क्षेत्र में इस प्रकार की अचानक जांच आगे भी जारी रहेगी और बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस थाना चौरासी की बड़ी कार्रवाई : बुजुर्ग की लाठी डंडों से हत्या करने वाली मां-पुत्र की जोड़ी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर।** जिले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की क्रूरतापूर्वक हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो प्रमुख आरोपियों – मां और पुत्र – को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा के मार्गदर्शन और वृत्ताधिकारी सीमलवाड़ा मदनलाल के सुपरविजन में की गई। मामले ने पूरे क्षेत्र में सनसनी मचा दी थी।

दिनांक 28.11.2025 को सांसरपुर फला कंजडिया निवासी गढ़ रोत ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई जीया रोत अपनी मां से मिलने उसके घर आया था और वापस लौटते समय पड़ोस के ही आरोपियों ने रास्ता रोककर उस पर ताबड़तोड़ लात-घूंसों और लाठियों से हमला कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार लक्ष्मण, तारा, मंजुला, पंकज, संजय सहित अन्य लोगों ने जीया को घेरकर बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना का कारण लगभग सात



माह पहले दोनों परिवारों के बीच चले आ रहे लड़काझलड़की विवाद को बताया गया। मृतक जीया के बेटे ने आरोपियों के परिवार की लड़की को भगाया था, जिसके चलते दोनों पक्षों में रंजिश चली आ रही थी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि पिछले महीनों से जीया और उसके परिवार को लगातार मारने की धमकियां दी जा रही थीं।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा और हत्या में शामिल आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर सभी सबूतों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया। पुलिस को घटना स्थल से प्राप्त निशान और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान में हत्या की पुष्टि मिली।

तलाशी के दौरान एक किशोर को 30.11.2025 को निरुद्ध किया गया। 01.12.2025 को मुख्य आरोपी तारा और उसके बेटे लक्ष्मण को उनके घर से डिटेन कर पूछताछ की गई। दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने जीया रोत को रास्ते में रोककर लातों-घूंसों और लाठियों से हमला किया, जिससे जीया की मौके पर ही मौत हो गई। पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी – तारा रोत, लक्ष्मण रोत।

# शायराना परिवार का शरद मिलन समारोह ऐश्वर्या कॉलेज में आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शायराना उदयपुर परिवार का शरद मिलन समारोह ऐश्वर्या कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसकी थीम ₹किशोर दा स्पेशल₹ रही। कार्यक्रम में साहित्य और संगीत के माध्यम से सांस्कृतिक चेतना व युवा प्रतिभाओं को मंच दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कविता-गजल और सामूहिक गायन से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना बताया गया।

कार्यक्रम में लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य और राजकीय मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के पूर्व कुलपति परमिंदर दशौरा ने मुख्य अतिथि के रूप में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संगीत और साहित्य समाज की आत्मा हैं। उन्होंने संगीत को ईश्वर की साधना बताया और कहा कि गीत-संगीत समाज में प्रेम और सहिष्णुता का संदेश फैलाते हैं। अध्यक्षता संस्था के भट्ट ने की और उन्होंने युवाओं में सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन पर जोर दिया। गजल गायक देवेंद्र हिरण ने शायराना परिवार के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गजल और शायरी समाज का दर्पण हैं और ऐसे मंच कलाकारों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। शायराना उदयपुर परिवार के जिला प्रभारी मनीष जोशी ने बताया कि पिछले पंद्रह वर्षों से संस्था ने निशुल्क साहित्य एवं संगीत कार्यक्रमों के माध्यम से अनेक युवा कलाकारों को मंच दिया है। कार्यक्रम में कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं – हेमंत सूर्यवंशी ने गीत ₹पल पल दिल के पास₹ पेश किया, अशोक परियानी ने लोकगीत प्रस्तुत किया, मनीष जोशी ने कुमार विश्वास की कविता सुनाई, राजीव शेखर माथुर ने कवितात्मक रचना प्रस्तुत की, मलय चक्रवर्ती और गुलजार चित्तोर्गढ़ी ने भी गीत व देशभक्ति शायरी सुनाई। मोहतरमा साबिरा पलाश और शाहिद ने शायरी व गजल से श्रोताओं का दिल जीता। युवा कवि वरुण कुमार ने तीखी शायरी प्रस्तुत की जबकि नन्ही बालिका जलधि कंवर ने मधुर गायन से स्वागतभाव बढ़ाया। कार्यक्रम संयोजक उत्पल नरेश चौहान ने बताया कि शायराना परिवार राज्यस्तरीय कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को भविष्य में भी अवसर प्रदान करता रहेगा तथा प्रतिभाओं को अनुभवियों से जोड़कर उनकी प्रस्तुति निखारने का प्रयास जारी रहेगा। मीडिया सलाहकार हेमंत सूर्यवंशी ने बताया कि आगामी दिनों में साहित्य सृजन का प्रकाशन भी किया जाएगा।



**किशोर दा स्पेशल थीम ने जीता समां**

समारोह का संचालन और समन्वय उत्तम ढंग से किया गया तथा आगंतुकों का पारंपरिक उपरण और पगड़ी से स्वागत कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, संगीतकार और युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।